नई दिल्ली
मंगलवार, 6 मई 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 21
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 36.0
न्यून. 24.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,796.84 | 294.85 ▲ |
| निफ्टी | 24,461.15 | 114.45 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी** |
| सोना | 97,350 /- | +550/- ▲ |
| चांदी | 96,700/- | -400/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)


| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 84.33 | 24 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 60.40/ बैरल | 1.45% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

### दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय बैठक से निकला यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष

# पहलगाम हमले के बाद जापान आतंक के खिलाफ भारत के साथ एकजुट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दुनियाभर के देशों का भारत का समर्थन मिल रहा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने भी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की थी। इन सबके बीच सोमवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी ने इस दुखद आतंकी हमले पर अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भारत को पूर्ण सहायता और समर्थन देने की पेशकश की है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के खिलाफ सीमा-पार आतंकवाद की पाकिस्तान की सरकारी नीति की निंदा की। उन्होंने कहा, इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को अस्थिर करते हैं। राजनाथ ने आतंकवाद और उसे बढ़ावा देने वाली सरकार प्रायोजित कार्रवाईयों के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का आह्वान भी बैठक में किया। इसके अलावा दोनों पक्षों ने सभी प्रारूपों में आतंकवाद की निंदा करते हुए इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया है। वहीं, बैठक से पहले जनरल नकातानी ने मानेकशॉ केंद्र में तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दी गई संयुक्त सलामी गारद का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### साइबर, अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

*मंत्रालय ने बताया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने अपनी बातचीत में साइबर और अंतरिक्ष जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। रक्षा मंत्री ने अपने जापानी समकक्ष के साथ वार्ता में भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं जैसे खासतौर पर टैंक इंजन और एयरो इंजन सहित नए क्षेत्रों में जापानी पक्ष के साथ सहयोग करने की क्षमता को रेखांकित किया। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल संचालन के क्षेत्रों से जुड़ी क्षमताओं पर भी प्रकाश डाला। दोनों पक्षों ने ऑटोमेशन, कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग की खोज सहित उद्योग संबंधी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।*

### रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

*दोनों रक्षा मंत्रियों ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और क्षेत्रीय शांति में योगदान देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। राजनाथ सिंह और जनरल नकातानी ने दोनों देशों के बीच रक्षा अभ्यासों और आदान-प्रदान की बढ़ती विविधता व बारंबारता का स्वागत किया। इसके अलावा इन जुड़ावों के दायरे और संरचना को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों भारत और जापान के बीच मजबूत समुद्री सहयोग में नए आयाम जोड़ने पर एकमत नजर आए। दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता है। जिसने 2014 में सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाए जाने के बाद गुणवत्तापूर्ण ढंग से गति पकड़ी है। वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई गई।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### समिति ने सीजेआई खन्ना को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां अग्निकांड में अकूत नकदी मिलने के मामले की जांच करने वाली तीन जजों की इन-हाउस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है। पंजाब हरियाणा, हिमाचल और कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति ने इस मामले की जांच करने के बाद रिपोर्ट सौंपी है।

### कर्मचारी के हाथ झुलसे श्रद्धालुओं का प्रवेश रोका



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। पीसीबी के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। आग के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। स्थिति सामान्य होने के बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग बुझाने के दौरान कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए।

### गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी




**अमरोहा।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए मिली है। इस मामले में शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को एफआईआर के लिए तहरीर दी थी। एसपी के आदेश के बाद साइबर सेल में मामले की एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले की जांच की जा रही है।

### पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रपति पुतिन की पीएम मोदी से फोन पर हुई बातचीत

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिला रूस का पुरजोर समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



**रूस के राष्ट्रपति ने स्वीकार किया प्रधानमंत्री का न्योता, इस साल के अंत में करेंगे भारत की यात्रा**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। जिसमें पुतिन ने सबसे पहले इस जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए उसमें मारे गए 26 निर्दोष लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और उसके बाद आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। साथ ही रूसी राष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा कि पहलगाम हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए।

यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 5 मई को अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी। गौरतलब है कि पिछले महीने 22 अप्रैल को हुए इस आतंकी हमले के तुरंत बाद रूस के राष्ट्रपति दुनिया के उन चंद दिग्गज नेताओं (अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर) में शामिल रहे हैं। जिन्होंने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों के साथ निंदा करते हुए इसके प्रायोजकों और दोषियों को सजा देने की बात कही थी। तब से लेकर आज तक भारत को दुनिया के अलग-अलग देशों और वैश्विक संगठनों-संस्थानों का समर्थन मिलने का सिलसिला जारी है।

### इस साल होगी पुतिन की भारत यात्रा

*उधर, क्रेमलिन ने राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी की फोन कॉल के बाद इस बात की पुष्टि की कि रूस के राष्ट्रपति ने अपने 'अच्छे दोस्त' 'पीएम मोदी' द्वारा इस साल के अंत में वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करने के लिए दिए गए निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों को बताया कि क्रेमलिन की तरफ से भारत और पाकिस्तान से तनाव को कम करने का आह्वान भी किया गया है। हमें उम्मीद है कि दोनों पक्ष वह तमाम कदम उठाएंगे जिससे तनाव घटाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा रूस गंभीर चिंता के साथ भारत और पाकिस्तान सीमा पर बने हुए तनावपूर्ण हालात की निगरानी कर रहा है।*

### रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

रणधीर ने एक्स पोस्ट में बताया कि भारत और रूस के शीर्ष नेताओं ने अपनी बातचीत में दोनों देशों के बीच स्थापित विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को 9 मई 2025 को मॉस्को में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) की सेनाओं द्वारा जर्मनी की नाजी सेनाओं को दी गई करारी शिकस्त की 80वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित की जाने वाली विक्ट्री दिवस परेड के लिए शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत-रूस के संबंध 'बाहरी प्रभाव' की वजह से प्रभावित नहीं होंगे और लगातार जोशीले अंदाज में विकसित होंगे।

### जयशंकर-लावरोव की हुई थी बातचीत

पिछले सप्ताह 2 मई को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपने रूस के समकक्ष और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से फोन पर बातचीत की थी। जिसके केंद्र में भी पहलगाम हमले का मामला शामिल था। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया था कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा की। हमले से जुड़े अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। रूस के विदेश मंत्री ने दोनों देशों की द्विपक्षीय सहयोग से जुड़ी गतिविधियों के बारे में चर्चा की। दोनों विदेश मंत्रियों की इस बातचीत के बाद ही 5 मई को भारत और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच फोन पर यह बातचीत हुई है।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात लोक कल्याण मार्ग पर हुई यह मुलाकात

# एलओसी पर तनाव के बीच रक्षा सचिव ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान रक्षा सचिव ने पीएम को मौजूदा समय में एलओसी सहित केंद्रशासित प्रदेश में बनी हुई जमीनी स्थिति और सैन्य तैयारियों के बारे में जरूरी जानकारी दी। यहां बता दें कि रक्षा सचिव से पहले बीते रविवार को वायुसेनाप्रमुख एयरचीफमार्शल ए.पी.सिंह ने पीएम से मुलाकात की थी। दोनों की यह मुलाकात कुल करीब 40 ⏩ शेष पेज 5 पर

### पीएम ने सेनाओं को दी खुली छूट

*गौरतलब है कि रक्षा सचिव के साथ हुई प्रधानमंत्री मोदी की यह बैठक बीते दिनों उनके द्वारा एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की प्रतिरक्षा में की जाने वाली जवाबी कार्रवाई के लिए अपने हिसाब से समय, स्थान और प्रक्रिया को चुनने के लिए दी गई खुली रणनीतिक छूट के बाद हुई है। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों जैसे जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए थे। इस आतंकी हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने ऐलान किया था कि* ⏩ शेष पेज 5 पर

### फायरिंग के बीच आज डीजीएमओ वार्ता संभव

उधर, नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की तरफ से लगातार भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की जा रही है। जिसका भारत की सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। सूत्रों ने बताया कि बीते 4 और 5 मई की रात में भी एलओसी के कुल करीब 778 किलोमीटर लंबे समूचे इलाके में पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के भारत की सेना की चौकियों की तरफ गोलीबारी की। जिसमें छोटे हथियारों का प्रयोग किया गया। कुपवाड़ा, पूंछ, बारामुला, ⏩ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के दूसरे चरण के तहत 1.58 लाख प्लॉट की आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ

# 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को मिलेंगे प्लॉट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर गरीब व जरूरतमंद के सिर पर छत मुहैया करवाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के दूसरे चरण के तहत 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में 1.58 लाख आवेदकों के लिए प्लॉट के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वायदा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांवों में गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। हमारी डबल इंजन की सरकार ⏩ शेष पेज 5 पर

### वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

# सीजेआई बोले-ऐसी याचिकाओं पर मैं आदेश नहीं दे पाऊंगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। अब वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को अगली सुनवाई होगी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले इस मामले पर उचित सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर किसी की बात सुननी होगी। ऐसी याचिकाओं पर आदेश नहीं देना चाहताबता दें कि सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और इसी को देखते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून की वैधता को ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारतीय एजेंसियां उठा रही हैं जरूरी कदम

# भारत की रक्षा वेबसाइटों पर पाकिस्तान का नापाक साइबर हमला

**भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया था**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत का मनोवैज्ञानिक रूप से मनोबल तोड़ने के लिए उसकी रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी वेबसाइटों पर नापाक पाकिस्तानी साइबर हैकर्स के हमले जारी हैं।

इसी कड़ी में एक ताजा मामला सामने आया है। जिसमें पाकिस्तानी हैकर्स ने भारत की सैन्य इंजीनियरिंग सेवा (एमईएस) और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-इडसा) जैसे प्रतिष्ठित थिंक टैंक की वेबसाइटों के डेटा में सेंधमारी की है। सेना ने बताया कि 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' नामक एक्स हैंडल द्वारा भारतीय रक्षा वेबसाइटों पर साइबर हमला करने का दावा किया गया है। जिसमें रक्षा कर्मियों की गोपनीय जानकारी (लॉगिन क्रेडेंशियल इत्यादि) लीक होने की आशंका है। यहां बता दें कि बीते दिनों पाकिस्तानी हैकर्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल (रानीखेत, श्रीनगर) से लेकर सशस्त्र सेनाओं से जुड़े हुए कुछ संगठनों की वेबसाइटों पर भी हमला किया था। जिसे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया था। उधर, इन साइबर हमलों को देखते हुए सेना द्वारा अपने सुरक्षा ढांचे और डिजिटल सुरक्षा को पुख्ता बनाए रखने के लिए जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। ताकि ⏩ शेष पेज 5 पर

# 'नेशनल मैनुफैक्चरिंग मिशन' की जिम्मेदारी मिल सकती है गृहमंत्री अमित शाह को

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



नेशनल मैनुफैक्चरिंग मिशन का नेतृत्व किसी वरिष्ठ और प्रभावशाली केंद्रीय मंत्री को सौंपा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि इसकी पुरजोर मांग नीति आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक में संबंधित हितधारकों ने उठाई।

उम्मीद की जा रही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। विदित हो कि देश में देसी उत्पादकता को बढाने के लिए प्रधानंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट मेक इन इंडिया को पंख लगाने के लिए हाल ही में नेशनल मैनुफैक्चरिंग मिशन की स्थापना की गई है। मिशन के स्थापना की औपचारिक घोषणा 2025-26 के केंद्रीय बजट में की गई थी। मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को अगले 10 वर्षों में 25 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों ही नीति आयोग के सीईओ वीवीआर सुब्रह्नयम ने राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के लिए एक हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की। इस बैठक में सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और फिसमी जैसे औद्योगिक संगठनों के साथ-साथ अन्य हितधारकों ने भाग लिया। बैठक में कई प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री को इसका नेतृत्व सौंपा जाना चाहिए। एक प्रतिभागी ने कहा, हमने नीति आयोग के सीईओ से सुझाव दिया कि एक शक्तिशाली और वरिष्ठ मंत्री को मिशन का नेतृत्व करना चाहिए, क्योंकि सरकार को ⏩ शेष पेज 5 पर

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी डीआरडीओ, नौसेना और उद्योग जगत को बधाई

# डीआरडीओ और नौसेना ने किया स्वदेशी 'एमआईजीएम' माइन का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



पहलगाम हमले की वजह से भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने स्वदेश में डिजाइन के साथ विकसित की गई मल्टी इंफ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम) का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, नौसेना और उद्योग जगत की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह सिस्टम समुद्र के अंदर नौसेना की युद्धक क्षमताओं में इजाफा करेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह सिस्टम विशेषतौर पर समुद्र के नीचे से दुश्मन के स्टेल्थ तकनीक से लैस जंगी जहाजों और पनडुब्बियों को निशाना बनाने में पूरी तरह से सक्षम है। विभाग के दोनों महत्वपूर्ण अंगों ने 5 मई को विस्फोटक की कम मात्रा के साथ एमआईजीएम का सफल परीक्षण किया। यह सिस्टम नौसेना की एक बेहद उन्नत पानी के अंदर काम करने वाली माइन है। जिसे बल की विशाखापट्टनम स्थित नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लेबोरेटरी ने डीआरडीओ की हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी (पुणे) और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी (चंडीगढ़) द्वारा विकसित किया गया है।

### एमआईजीएम का लाभ

*एमआईजीएम को इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि इससे नौसेना की आधुनिक स्टेल्थ तकनीक से लैस जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ क्षमता बढ़ेगी। इस सिस्टम के उत्पादन भागीदारों में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (विशाखापत्तनम) और अपोलो माइक्रोसिस्टम्स लिमिटेड (हैदराबाद) शामिल हैं। डीआरडीओ सचिव डॉ.समीर.वी.कामत ने भी परीक्षण में शामिल सभी टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परीक्षण की सफलता के साथ ही अब ये सिस्टम नौसेना में शामिल किए जाने के लिए तैयार है।*

### लखनऊ में होगा ब्रह्मोस सुविधा का उद्घाटन

*उधर, सूत्रों ने बताया कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल से जुड़ी एक सुविधा (यूनिट) का 11 मई 2025 को लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन करेंगे। करीब तीन साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास किया था। बताते चलें कि अभी देश में कुल करीब तीन जगहों पर ब्रह्मोस से जुड़ी सुविधाएं हैं। इनमें नागपुर, हैदराबाद और पिलानी शामिल हैं। लेकिन अब इस सूची में चौथी सुविधा के साथ लखनऊ का नाम भी शामिल होने जा रहा है।*

## हिट-एंड-रन केस का आरोपी थार चालक अरेस्ट



नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर फ्लाईओवर के पास अपनी थार कार से सुरक्षा गार्ड की जान लेने की कोशिश करने वाला 24 वर्षीय आरोपी युवक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम रंगपुरी निवासी विजय उर्फ लाले बताया गया है। अपराध में इस्तेमाल की गई एसयूवी कार को भी जब्त कर लिया गया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार यह घटना रविवार शाम को उस वक्त हुई जब सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले पीड़ित राजीव कुमार को वाहन चालक ने जानबूझकर टक्कर मार दी। गार्ड के पैरों और टखनों की कई हड्डियां टूट गईं। गार्ड का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने थार चालक युवक को हॉर्न बजाने से मना किया था। घटना के बाद वसंत कुंज दक्षिण थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों से लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे कार का पंजीकरण संख्या पता लगाने में मदद मिली। फुटेज में एसयूवी से पीड़ित को टक्कर मारते देखा जा रहा था।

### 14 आपराधिक मामलों में पाया गया संलिप्त

# बड़ा हाथ मारकर भागा चोर बंगाल जा रही ट्रेन से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कीर्ति नगर से ज्वैलरी और कैश चोरी कर भागा आरोपी वेस्ट बंगाल जा रही ट्रेन से ही दबोच लिया गया। आरोपी को पुरुलिया में रेलवे पुलिस की मदद से पकड़ा गया। इस दौरान आरोपी ट्रेन के बाथरूम में छुप गया था। इसका नाम शेख साबिर बताया गया है। आरोपी मूलतः वेस्ट बंगाल का रहने वाला है और पहले से चार मामलों में शामिल रहा है। इसकी निशानदेही पर कीर्ति नगर पुलिस ने दिल्ली से इसके एक और साथी रुकूब खान को भी गिरफ्तार किया है। वह 14 आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार चोरी की एक वारदात कीर्ति नगर थाना एरिया के रमेश नगर इलाके में 23 मार्च को हुई थी। घर से कैश और जूलरी चोरी की गई थी। मामले में एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की गई।



एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ संजीव ढोढी, सहायक सब इंस्पेक्टर महिपाल, हरि सिंह, हेड कांस्टेबल विकास, धर्मराज, प्रदीप और कांस्टेबल विक्रम की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच शुरू की। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से शेख साबिर के बारे में पता लगाया। इसके बाद पुलिस टीम जहांगीरपुरी ठिकाने पर पहुंची। उसका घर लॉक मिला। पता चला कि वह फैमिली के साथ अपने पैतृक गांव वेस्ट बंगाल के लिए निकल गया है। पुलिस टीम को यह भी पता चला कि वह ट्रेन से वेस्ट बंगाल जा रहा है। यहां से फिर पुलिस टीम ने रेलवे पुलिस की मदद ली आरोपी शेख साबिर और फैमिली के बारे में जानकारी और फोटो आपस में शेयर की। कीर्ति नगर की टीम वेस्ट बंगाल के लिए रवाना हो गई। जिस ट्रेन से शेख साबिर फैमिली के साथ भागा था, वह जैसे ही पुरुलिया रेलवे स्टेशन पहुंची, सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस को देखकर शेख साबिर बाथरूम में छुप गया। लेकिन कीर्ति नगर पुलिस के द्वारा भेजे गए शेख साबिर की पत्नी की फोटो से पुलिस ने पहचान कर ली। फिर उसने बताया कि पति बाथरूम में छुपा हुआ है। पुरुलिया पहुंची कीर्ति नगर थाने की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे चुराई गई जूलरी और कैश बरामद हो गया है। शेख से पूछताछ के आधार पर दिल्ली से उसके साथी रुकूब खान को गिरफ्तार किया गया।

# घर के बाहर बैठी महिला के कुंडल उतरवाने वाला पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रनहौला थाना एरिया में महिला से जूलरी धोखाधड़ी केस का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से महिला की एक जोड़ी सोने की बालियां भी बरामद कर ली गई है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी शख्स पहले भी इसी तरह के पांच अन्य मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई एक चोरी की स्कूटी भी बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस ने दो मामलों का निपटारा किया है।

डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार 26 अप्रैल को पुलिस स्टेशन रनहौला में चोरी की घटना के बारे में सूचना मिली थी। पीसीआर कॉल में कहा गया कि एक महिला जो घर के बाहर बैठी थी, एक व्यक्ति उसके झुमके लेकर चला गया। कॉल हेड कांस्टेबल सतीश कुमार को सौंपी गई। वह तुरंत पूछताछ के लिए दिए गए पते पर पहुंचे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि लगभग 4:30 बजे जब वह अपने घर के बाहर बैठी थी, तो एक युवा लड़का और एक लड़की दोनों जो लगभग 20 वर्ष की उम्र के लग रहे थे, उसके पास आए और भोजन खरीदने के लिए पैसे मांगे। उनके अनुरोध पर उसने उन्हें 50 रुपये दिए। इसके बाद




दोनों ने उसे नोटों की एक गड्डी दिखाई और बदले में उससे बालियां देने के लिए कहा। प्रस्ताव को असली मानकर उसने दोनों बालियां सौंप दीं। हालांकि दोनों व्यक्ति बालियां लेने के तुरंत बाद मौके से चले गए। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। एक फुटेज से संदिग्धों की पहचान हो गई। मुखबिर से पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति नाला रोड के एक बैंक्वेट हॉल के आसपास मौजूद है। इस सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। आरोपी ने भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण उसे मौके पर ही सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान दीपक के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपराध किया है। इसके बाद, उसे भी वर्तमान मामले में गिरफ्तार किया गया। इनके घर से एक जोड़ी बालियां बरामद हो गई।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने दूध के दाम बढ़ाने के विरोध में मदर डेयरियों पर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में सोमवार को मदर डेयरी द्वारा दूध के दाम बढ़ाने के विरोध में डेयरियों के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र व दिल्ली सरकार को जमकर घेरा। यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा विरोधी नारे लगाते हुए, दूध की कीमतों की बढ़ोतरी वापस लेने की मांग के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया। यादव गांधी मार्केट, मिंटो रोड स्थित मदर डेयरी बूथ के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस मौके पर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार केवल अमीरों और शक्तिशाली लोगों के हितों की ही रक्षा करती है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग चौतरफा महंगाई से जूझ रहा है। भाजपा सरकार में आसमान छूती महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन दयनीय हो गया है। यादव ने कहा कि मदर डेयरी द्वारा दूध के दाम बढ़ाने के निर्णय से गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों से आवश्यक प्रोटीन छीन लिया



गया। क्योंकि एक लीटर दूध अब आम लोगों की क्रय शक्ति से बाहर हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक वस्तुओं के दामों में चौतरफा वृद्धि ने पहले ही केंद्र और दिल्ली में भाजपा सरकार के तहत आम लोगों के लिए जीवन को दयनीय बना रखा है। कांग्रेस के शासनकाल में मदर डेयरी का एक लीटर दूध मात्र 48 रुपये में मिलता था, लेकिन 2014 से जब से भाजपा केंद्र में सत्ता में आई है, दूध की कीमतों में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और अब इसकी कीमत 69 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जिससे आम लोगों के लिए रोजाना दूध का सेवन करना असहनीय हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में न केवल दूध के दाम, बल्कि अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम भी आसमान छू रहे हैं। टमाटर के दाम 6 रुपये से बढ़कर 80 रुपये प्रति किलोग्राम, तुअर दाल के दाम 36 से बढ़कर 160 रुपये, आलू के दाम 8 से बढ़कर 32 रुपये, प्याज के दाम 10 से 70 रुपये, गेंहू के आटे के दाम 21 से बढ़कर 40 रुपये, सरसों तेल 105 से बढ़कर 190 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। यादव ने कहा कि खाद्य उत्पादों के अलावा रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी पिछले 11 वर्षों में काफी वृद्धि हुई है। रसोई गैस की कीमत प्रति सिलेंडर 450 रुपये से बढ़कर 850 रुपये हो गई है, पेट्रोल प्रति लीटर 68 रुपये से बढ़कर 104 रुपये हो गया है, डीजल की कीमत पहले के 55.48 रुपये से बढ़कर अब 88.05 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और वैट बढ़ाकर आम लोगों पर असहनीय बोझ डाल रही है।

# 300 प्रतिशत मुनाफे के लालच में युवक ने 32 लाख गंवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय और अमेरिकी शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक शख्स को 32 लाख का चूना लगा दिया गया। जालसाजों ने उसे भारतीय और अमेरिकी स्टॉक्स में निवेश करके 300 प्रतिशत के मुनाफे का लालच दिया था। हैरानी की बात यह रही कि युवक ने 25 लाख रुपये का लोन भी लिया था। आखिर में जालसाजी के शिकार पीड़ित युवक ने नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय आशीष भारद्वाज वेस्ट करावल नगर इलाके में रहते हैं। वह मार्च और अप्रैल के शुरू हुये व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े थे। इस ग्रुप में विमल शर्मा शेयर बाजारों के उतार चढ़ाव और रणनीतियों के बारे में बताता था। शर्मा जो कुछ भी ग्रुप में बताया, उषा रानी उसकी पीडीएफ ग्रुप पर डालती थी। करीब एक हफ्ते तक यही सिलसिला चला। इसके बाद जालसाजों ने भारतीय और अमेरिकी स्टॉक्स के बारे में जानकारी देना शुरू किया। दावा किया कि सुबह नौ बजे से सवा नौ बजे तक भारतीय स्टॉक्स और शाम छह बजे से साढ़े छह बजे तक अमेरिकी स्टॉक्स में निवेश करवाया जाएगा। इसके कुछ समय बाद पीड़ित को वीआईपी ग्रुप में जुड़ने को कहा गया था। इसमें 125 लोगों द्वारा मुनाफ कमाये जाने की बात कहीं जा रही थी। हालांकि उस ग्रुप में जुड़ने के लिये शत थी कि आपके ट्रेड़िंग अकाउंट में 20 लाख रुपये होने चाहिये। इसके बाद ही आप वहां रहकर ट्रेड़िंग कर सकते हो और 300 प्रतिशत तक मुनाफ कमा सकते हो। इसके बाद पीड़ित झांसे में आ गया। उसने 20 लाख का लोन लेकर ट्रेड़िंग अकाउंट शुरू किया। एप पर उसे मुनाफा भी दिख रहा था। आशीष ने कुल 32 लाख 30 हजार का निवेश किया था। मुनाफ के साथ एप पर उनकी रकम करीब दो करोड़ रुपये हो गई थी। लेकिन जब उसने रकम निकालने का प्रयास किया तो कहा गया कि अभी रकम नहीं निकाल सकते। 25 लाख रुपये और देने को कहा गया। ऐसा ना करने पर अकाउंट फ्रीज होने की बात कहीं गई। तब जाकर उसे ठगी का एहसास हुआ और पुलिस से संपर्क किया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल, पुत्र श्री बिल्लू निवासी गली 15टी–568, राम नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 462/2020 U/S 356/379/411 IPC, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 462/2020 U/S 356/379/411 IPC, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5526/N/2025(Court Matter)


# सुहाना बना हुआ है मौसम, तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज, जल्द बदलेगी दिल्ली की फिजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में गत कई दिनों से मौसम सुहाना बना हुआ है। सोमवार को तेज हवाओं के साथ कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सोमवार सुबह 8.30 बजे तक नजफगढ़ में सबसे अधिक 7 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सुबह 8.30 बजे से 5.30 बजे के बीच दिल्ली में लोधी रोड पर सबसे अधिक 3.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। हालांकि आईएमडी ने अच्छी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं आईएमडी ने बताया कि सोमवार को दिल्ली में अधिकतम



तापमान में 7 डिग्री की भारी गिरावट हुई जिसके चलते तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम है। यानी दिन हो या रात दोनों का तापमान दिल्ली वालों के लिए राहत भरा दर्ज हो रहा है। आईएमडी की ताजा भविष्यवाणी अगर सही साबित हुई तो एक बार फिर दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक आंधी-तूफान और बारिश होने की उम्मीद है। इसको लेकर दिल्ली के कई इलाकों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्रों में इसी तरह का मौसम रहेगा। इससे तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। साथ ही हीटवेव से भी लोगों को राहत मिलती रहेगी। वीकेंड के दूसरे दिन सुबह से ही मौसम सुहाना बना रहा। आसमान पर अधिकांश समय तक बादलों का डेरा लगा रहा, जबकि कई क्षेत्रों में हलकी बारिश ने दस्तक दी। खबर लिखे जाने तक देर रात तक बूंदाबांदी के अलावा तेज बारिश दर्ज नहीं हुई।

# एनडीएमसी : बंगाली मार्केट से 'श्रमदान'-सफाई अभियान का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने सोमवार को सभी 14 स्वच्छता सर्किलों के लिए 'श्रमदान' के रूप में एक व्यापक सफाई अभियान का शुभारंभ किया। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने हनुमान मंदिर परिसर में सफाई अभियान के अंतर्गत एनडीएमसी कर्मियों का नेतृत्व किया, परिषद के सदस्य दिनेश प्रताप सिंह ने लोधी कॉलोनी में, अनिल वाल्मीकि ने मंदिर मार्ग क्षेत्र में और सरिता तोमर ने मोती बाग क्षेत्र में सफाई अभियान में भाग लिया, जिसमें एनडीएमसी कर्मियों के साथ-साथ क्षेत्र के आरडब्ल्यू, एमटीए और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इस मौके पर एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने एनडीएमसी क्षेत्र को साफ, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के इस नेक काम में भाग लेने के लिए एनडीएमसी कर्मियों को प्रेरित किया और कहा कि स्वच्छता हमारे प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन का



शुभारंभ किया था। अब, दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दिल्ली को साफ, स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए 20 दिनों तक हर सुबह एक घंटे का श्रमदान करने का आह्वान किया है। एनडीएमसी प्रशासन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्रमदान- स्वच्छता पहल में एनडीएमसी के लगभग 9500 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें हर विभाग के कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने नई दिल्ली क्षेत्र में एक साथ आज सुबह स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इसके अलावा, सफाई कर्मियों, बागवानी, अग्निशमन सेवा, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के कर्मियों ने भी भाग लिया। अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, स्कूलों और बिजली सब स्टेशनों ने अपने-अपने परिसरों में सफाई अभियान चलाया।


## प्रपत्र-ए
## सार्वजनिक घोषणा

(दिवालियापन और भारतीय बैंगक्रप्सी बोर्ड और नियमन 6 के तहत (कार्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया) नियमनों 2016)

**विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडिटर्स के ध्यानार्थ**

| सम्बन्धित विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट कर्जदार का नाम | विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट कर्जदार के निगमन की तिथि | 15/07/2006 |
| 3. | प्राधिकारी जिसके तहत कार्पोरेट कर्जदार निगमित / पंजीकृत है | आरओसी-दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देनदारी कार्पोरेट कर्जदार की पहचान संख्या | U70109DL2006PTC151000 |
| 5. | कार्पोरेट कर्जदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई है) का पता | पंजीकृत कार्यालय : वाईसी को-वर्किंग स्पेस, तृतीय तल, प्लॉट नं. 94, द्वारका, सेक्टर-13, मैट्रो स्टेशन के सामने, निकट रैडिसन ब्लू होटल, एन.एस.आई.टी., दक्षिण पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110078, भारत<br>पता जिस पर लेखा की पुस्तकें मेनटेन की गई है - 6वां तल, प्लॉट नं. 14ए, सैक्टर-18, मारुति इंडस्ट्रीयल कॉम्पलैक्स, गुरूग्राम, हरियाणा-122015 |
| 6. | कार्पोरेट कर्जदार के सम्बन्ध में दिवालियापन की प्रारम्भिक तिथि | 03/05/2025 (03.05.2025 को आईआरपी द्वारा प्राप्त आदेश दिनांक 07.04.2025) |
| 7. | दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया के बंद होने की अनुमानित तिथि | 30/10/2025 |
| 8. | अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण सं. | सुमेधा मैनेजमेंट सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड IBBI/IPE-0020/IPA-1/2022-23/50023 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकरण अनुसार अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ई-मेल | 2बी, गीतांजलि अपार्टमेंट, 8बी, मिडलटन स्ट्रीट, कोलकाता-700071<br>आईबीबीआई पंजीकृत ई-मेल आईडी - info@sumedhamanagement.com |
| 10. | अंतरिम रेजोल्यूशनल प्रोफेशनल के साथ पत्राचार हेतु उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | पत्राचार हेतु ई-मेल : ip.victorbuildwel@gmail.com |
| 11. | दावे जमा करने हेतु अन्तिम तिथि | 17/05/2025 |
| 12. | अंतरिम रेजोल्यूशनल प्रोफेशनल द्वारा निर्धारित धारा 21 की उपधारा (6ए) के खण्ड (बी) के तहत क्रेडिटर्स की श्रेणियां, यदि कोई है, | लागू नहीं |
| 13. | किसी श्रेणी में क्रेडिटर्स के अधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करने के लिए चिन्हित दिवालियापन प्रोफेशनल्स के नाम (प्रत्येक श्रेणी हेतु तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (ए) सम्बन्धित प्रपत्र और (बी) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है : | (ए) वेब लिंक : https://ibbi.gov.in/en/home/downloads<br>(बी) लागू नहीं |

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अभिकरण ने विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड की एक कार्पोरेट दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया के प्रारम्भ का आदेश 03.05.2025 को दिया (03.05.2025 को आईआरपी द्वारा प्राप्त आदेश दिनांक 07.04.2025)।

विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडिटर्स का एतद् द्वारा प्रविष्टि सं. 10 के तहत वर्णित पते पर अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल को 17.05.2025 को या इससे पूर्व प्रमाण सहित अपने दावे जमा करवाने का आह्वान किया जाता है।

वित्तीय क्रेडिटर्स केवल इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा प्रमाण सहित अपने दावे जमा करवाएंगे। सभी अन्य क्रेडिटर्स व्यक्तिशः, डाक द्वारा, इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा प्रमाण सहित दावे जमा करवा सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के तहत सूचीकृत अनुसार किसी श्रेणी से सम्बन्धित कोई वित्तीय क्रेडिटर, प्रपत्र सीए में श्रेणी (श्रेणी विनिर्दिष्ट करें) के प्राधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर प्रविष्टि सं. 13 के तहत सूचीकृत तीन दिवालियापन प्रोफेशनल्स में से प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी च्वाइस इंगित करेंगे।

**दावे के गलत अथवा भ्रामक साक्ष्य जमा करने पर दण्ड के पात्र होंगे।**

अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल का नाम व हस्ताक्षर :
श्री बिजय मुरमुरिया, प्राधिकृत दिवालियापन प्रोफेशनल
सुमेधा मैनेजमेंट सोल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड
विक्टर बिल्डवेल प्राईवेट लिमिटेड के मामले में अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल
पंजी. सं. IBBI/IPE-0020/IPA-1/2022-23/50023
एएफए 31.12.2025 तक वैध
एएफए – एए1/50023/02/311225/20042
स्थान : कोलकाता

दिनांक : 06.05.2025


### सभी को मिलकर करना होगा कार्य

# दिल्ली को साफ रखना हमारा प्राथमिक दायित्व है : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली को साफ रखना हमारा प्राथमिक दायित्व है और इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को यह बातें कही। बता दें कि दिल्ली को साफ सुथरा बनाने की मुहिम के तहत सोमवार को दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल की अगुवाई में गीता कॉलोनी में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर शाहदरा दक्षिणी जोन के अध्यक्ष संदीप कपूर




भी मौजूद थे। महापौर राजा इकबाल ने स्थानीय लोगों से अपील करके कहा कि अपने क्षेत्र को साफ रखने में निगम को सहयोग दें क्योंकि शहर को साफ रखने में सामुदायिक भागीदारी नितांत आवश्यक है।

महापौर ने कहा कि दिल्ली को साफ करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है और योजनाबद्ध रूप से यहां कार्य किया जायेगा। इस मेगा सफाई अभियान में स्थानीय पार्षद और एमसीडी के अधिकारियों और कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### सफाई के प्रति पूरी तरह मुस्तैद रहे अधिकारी : जयभगवान

दिल्ली के उपमहापौर जयभगवान यादव ने भी मेगा सफाई अभियान की शुरुआत रोहिणी जोन के अंतर्गत वार्ड संख्या-51, रोहिणी-सी क्षेत्र के औचक निरीक्षण से की। इस निरीक्षण में उपमहापौर के साथ क्षेत्रीय निगम पार्षद वार्ड नंबर 51 से पार्षद धर्मबीर शर्मा के अलावा निगम के आलाधिकारी मौजूद रहे। उपमहापौर यादव ने वार्ड के अंदर कूड़ा-कचरा व अन्य पाई गई कमियों को देखकर उन्हें तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश उपायुक्त व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए और सफाई के प्रति पूरी तरह से मुस्तैद रहने के भी निर्देश दिए।

## पहले हर घर-दुकान से कूड़ा उठाना सुनिश्चित करें, फिर लगाएं यूजर चार्ज : नारंग



नई दिल्ली। दिल्ली के हर घर से कूड़ा नहीं उठ रहा है, इससे लोग खासे परेशान हैं और निजी कर्मचारी लगाने के लिए मजबूर हैं। जब तक एमसीडी हर घर व दुकानों से कूड़ा उठाना सुनिश्चित नहीं करती, तब तक यूजर चार्जेज न लिया जाए। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को निगमायुक्त अश्वनी कुमार को पत्र लिखकर यह मांग की है। उन्होंने कहा कि यूजर चार्जेज को तत्काल वापस लिया जाए। पत्र में उन्होंने कहा कि ढलावों का कूड़ा सड़कों पर फैल जाता है और लोगों को काफी दिक्कत होती है। इसलिए इन्हें बंद कर इनका सौंदर्यीकरण किया जाए। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि पिछले कई दिनों से मेरे पास दिल्ली के अलग-अलग आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि आ रहे थे और मांग कर रहे थे कि एमसीडी द्वारा हाउस टैक्स के साथ लगाए गए यूजर चार्जेज को वापस कराया जाए। आरडब्ल्यूए की मांग पर मैंने बतौर नेता विपक्ष मैंने निगम आयुक्त अश्वनी कुमार को पत्र लिखा है। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली के 12 जोनों में कंसेशनेयर हैं, लेकिन वह कंसेशनेयर घर-घर जाकर हर एक घर से कूड़ा नहीं उठाते हैं और मकान मालिकों ने घर का कूड़ा उठाने के लिए निजी कर्मचारी लगा रखे हैं। इन कंसेशनेयर का मकान मालिकों के साथ कोई समन्वय नहीं है। जब तक एमसीडी हर घर और व्यावसायिक स्थल से कूड़ा उठाने में सक्षम न हो जाए, तब तक यूजर चार्जेज को लागू नहीं करना चाहिए।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण /ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सोहना | वार्ड नं. 02 से 11 और जोन–1 एम.सी. सोहना में हाईड्रोल चार्जेबल की व्यवस्था करना, ऑन/ऑफ, मैटीरियल चार्जेज की कीमत अर्थात ड्राईवर, एमसीपीसीबी और टेप रोल, सभी अन्य छोटी मोटी सामग्रियों इत्यादि समेत गलियों और पोल्स पर स्थापित स्ट्रीट लाइट्स (30/45 वॉट, 72/90 वॉट, 120/150 वॉट एलईडी और हाई मास्ट लाइट्स) का प्रचालन, मरम्मत और रखरखाव + 8 कार्य। | 02.05.2025<br>19.05.2025 | 2.72 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8750551500<br>eo-sohna@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/34458/I/88/7 दि. 05.05.25

## 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' में मुख्यमंत्री ने सुनी शिकायतें

# दिल्ली महिला आयोग को जल्द ही दोबारा सक्रिय किया जाएगा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

पिछले कुछ समय से निष्क्रिय दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) को जल्द ही फिर से सक्रिय किया जाएगा। यह बात सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान कही। 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि संकट में फंसी महिलाएं सहायता के लिए सरकार की ओर देखती हैं और वर्तमान में लगभग 1,500 ऐसे मामले लंबित हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इसलिए दिल्ली महिला आयोग को पुनः सक्रिय किया जाएगा और यह आयोग फिर से कार्य करना शुरू करेगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने आवास पर हाल में हुई एक जन सुनवाई का उल्लेख किया, जिसमें




एक अभिभावक ने शिकायत की थी कि कुछ लड़के उनकी बेटियों को लगातार परेशान कर रहे हैं, जबकि इस संबंध में पहले ही एक शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है। रेखा ने कहा कि ऐसे लोग गलती करते रहेंगे, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस सप्ताह निर्धारित महिला महा जनसुनवाई का उद्देश्य आयोग में पहले से पंजीकृत शिकायतों को प्राथमिकता देना तथा आने वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान करना है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग के सदस्य और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सत्र में भाग ले रहे हैं। इस पहल को एक अच्छी शुरुआत बताते हुए गुप्ता ने कहा कि यह उन असंख्य महिलाओं के लिए आशा की किरण है, जो न्याय की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने आयोग के प्रयासों को समर्थन देने के लिए दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। एनसीडब्ल्यू अधिकारियों के अनुसार, सुनवाई में पहले से प्रस्तुत शिकायतों को प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन आने वाले मामलों को भी समान तत्परता के साथ निपटाया जाएगा और जहां भी संभव होगा, उन्हें मौके पर ही हल करने का प्रयास किया जाएगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष एनसीडब्ल्यू में दर्ज शिकायतों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दिल्ली दूसरे स्थान पर है।

### अंधेरे वाले स्थलों पर लगाए जाएंगे 50 हजार सीसीटीवी कैमरे

महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उन्होंने घोषणा की कि शहर के चिन्हित अंधेरे वाले स्थलों पर 50 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंधेरे वाले स्थान केवल वे नहीं हैं जहां रोशनी कम है, बल्कि वे क्षेत्र भी हैं जहां नेटवर्क संपर्क कमजोर है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि कामकाजी महिलाओं को मदद प्रदान की जाएगी जिसमें 500 क्रेच सुविधाएं स्थापित करना और योग्य महिलाओं को 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा से मार्शलों ने की पक्का करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

नौकरी पर रखने और पक्का करने की अपनी मांगों को लेकर दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर सोमवार को पूर्व व बेरोजगार बस मार्शलों (दिल्ली सिविल डिफेंस कर्मी) ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से प्रदेश कार्यालय के बाहर मुलाकात की। इस दौरान इन मार्शलों ने प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा को विधानसभा चुनाव 2025 से पहले किया वादा याद दिलाया। तो इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व मार्शलों को आश्वासन दिया कि इसी हफ्ते सीएम और परिवहन मंत्री से मुलाकात करेंगे और अगले सोमवार तक समाधान करने लिए आश्वासन दिया है। यहां बेरोजगार बस मार्शलों का नेतृत्व कर रहे मुकेश पाल सिंह ने बताया कि प्रदेश भाजपा और दिल्ली सरकार ने यदि अगले एक सप्ताह के भीतर कोई सकारात्मक व ठोस कदम नहीं उठाया तो फिर हम सब बेरोजगार बस मार्शल अपना अगला ठोस कदम उठाने को तैयार होंगे और अगला कदम इससे बड़ा कदम होगा। उन्होंने दावा करते हुए बताया कि सोमवार को प्रदेश कार्यालय पर बड़ी संख्या में बेरोजगार बस मार्शल शामिल हुए हैं और आगे संख्या इससे भी ज्यादा होने की उम्मीद है।

### अभी तक चल रही है बहानेबाजी : सौरभ भारद्वाज

इस मामले में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा कि सभी को याद है भाजपा का वादा था दिल्ली सरकार बनने के 2 महीने में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स (बस मार्शल) को पक्का करके, पक्की नौकरी पर रखा जाएगा। और 19 अप्रैल 2025 को भाजपा सरकार के 2 महीने पूरे हो गए। बड़ी मुश्किल से आज भाजपा अध्यक्ष मुख्यालय के बाहर मिलें हैं, अंदर नहीं बुलाया, अभी तक बहानेबाजी चल रही है।

## खबर संक्षेप



### स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने किया मेट्रो का दौरा

नई दिल्ली। लिटिल कैमब्रिज इंक्लूजन हब, जसोला विहार के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सोमवार को दिल्ली मेट्रो का दौरा किया। डीएमआरसी ने इन छोटे छोटे बच्चों को दिखाया कि मेट्रो ट्रेन कैसे चलती हैं। डीएमआरसी ने बच्चों को ड्राइवरलेस ट्रेनों को भी दिखाया और उन्हें बताया कि मेट्रो हमारी धरती के लिए क्यों अच्छा, सुगम व सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन साधन है। दौरा करने पहुंचे बच्चों के मन में ढेर सारे उमड़ रहे सवालों का डीएमआरसी ने जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास किया। मेट्रो परिचालन व उसके बारे में पूछे गए सवालों के जवाब सुनकर बहुत खुश व उत्साहित थे। इन स्कूली बच्चों के लिए मेट्रो का दौरा करने का समय बहुत अच्छा बीता।

### येलो लाइन पर तकनीकी खराबी के चलते सेवा हुई बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन समयपुर बादली –हुडडा सिटी सेंटर पर सोमवार सुबह आई तकनीकी खराबी ने हजारों यात्रियों के लिए परेशानी खड़ी कर दी। खराबी के चलते मेट्रो सेवा करीब 45 मिनट तक बाधित रही। यह खराबी साकेत और कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के बीच आई थी। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे येलो लाइन अंतर्गत साकेत से कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के बीच कुछ तकनीकी खराबी आई थी। इस वजह से साकेत से कुतुब मीनार के बीच मेट्रो का परिचालन विलंब से हुआ। डीएमआरसी ने बताया कि तकनीकी खराबी ठीक करने के बाद सुबह 8:21 बजे सेवाएं सामान्य कर दी गई। खराबी के बारे अधिक जानकारी नहीं मिल सकी। जहां एक तरफ डीएमआरसी इन दो स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवाएं बाधित बता रहा है वहीं यात्रियों का कहना है कि पूरी येला लाइन ही बुरी तरह से प्रभावित रही। यात्रियों का कहना है कि शुरूआत में किसी पता नहीं चला कि मेट्रो रूक रूक कर क्यों चल रही है। क्योंकि खराबी को लेकर मेट्रो के अंदर व स्टेशनों पर किसी प्रकार की कोई उद्घोषणा आदि नहीं की गई। यात्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर मेट्रो खराबी की पोस्ट होने लगी उसके बाद डीएमआरसी ने भी अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मेट्रो खराबी को लेकर जानकारी पोस्ट की। यात्री हितेश शर्मा ने बताया कि सुबह 7.30 बजे से ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन लगभग 10 मिनट तक रुकी रही और बताया जाता रहा कि ट्रेन के चलने में विलंब के लिए खेद है। इसी प्रकार अन्य स्टेशनों पर भी ट्रेन रूक रूक कर चली। मेट्रो खराबी के कारण हौज खास, साकेत, कुतुब मीनार, एमजी रोड, राजीव चौक, कश्मीरी गेट, केंद्रीय सचिवालय सहित कई अन्य स्टेशनों पर भीड़ बढ़ती चली गई।

## हरिश्चंद्र अस्पताल : विशेषज्ञ डॉक्टर भी नहीं निभा रहे अपनी जिम्मेदारी

दया राम ⏭नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला इलाके में सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल दिल्ली सरकार का एकमात्र बड़ा अस्पताल है लेकिन यहां आने वाले कुछ विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को टाइम पास का जरिया बना लेते हैं और रोगियों को देखने की जगह इधर-उधर बैठकर अपना कीमती समय व्यतीत कर रहे हैं। ऐसी ही जानकारी अस्पताल के सूत्रों से मिली है। सूत्रों ने बताया कि डॉ. सौरभ, जो सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में सर्जन हैं लेकिन पिछले तीन साल या उससे अधिक समय से कार्यालय प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद वे इस पद पर बने हुए हैं, जिसमें कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को तीन साल से अधिक समय तक संवेदनशील पद पर नहीं रहना चाहिए। वहीं, इस संबंध में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री से जानकारी मांगी तो उनके कार्यालय ने ई-मेल के माध्यम से बताया कि मंत्री ने इसका संज्ञान लेते हुए उचित आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित किया जा रहा है।

इसके अलावा अस्पताल सूत्रों का कहना है कि डॉ. सौरभ अस्पताल में एकमात्र सर्जन हैं, फिर भी वे न तो ओपीडी में आते हैं और न ही सर्जरी करते हैं। इसके




- तीन साल से अधिक हुआ समय, फिर भी जाने को तैयार नहीं
- चिकित्सा अधीक्षक ने नहीं दिया कोई जवाब

परिणामस्वरूप यहां आने वाले मरीज आवश्यक विशेषज्ञ सेवाओं से वंचित हो रहे हैं। यहां तक कि छोटी-मोटी सर्जरी आदि शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए भी लोगों को परेशान होकर दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। साथ ही अस्पताल सूत्रों का कहना है कि जनप्रतिनिधि, अस्पताल प्रशासन और दिल्ली सरकार के संबंधित अधिकारी चाहे तो इसके लिए सीसीटीवी की भी जांच कर सकते हैं। वहीं, इस संबंध में अस्पताल में नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योत्सना भारती से सरकारी ई-मेल और लैंडलाइन फोन के माध्यम से कई बार संपर्क किया गया लेकिन उनकी तरफ से इस कोई प्रतिक्रिया साझा नहीं की गई।

## पर्यावरण मंत्री सिरसा ने सेंट्रल वर्ज और सड़कों पर वाटर स्पिंकलर लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के प्रदूषण वाले क्षेत्रों में सड़कों के सेंट्रल वर्ज पर इलेक्ट्रिक पोल्स पर मिस्ट/वाटर स्प्रिंकलर और एंटी-स्मॉग गन लगाने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को जारी किए हैं। मंत्री सिरसा ने बताया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ने कुछ क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक पोल्स पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम को पायलट परियोजना के रूप में लगाया गया था, और इसके अच्छे परिणाम देखने को मिले। अब इसी तर्ज पर बड़े स्तर इन मिस्ट स्प्रे सिस्टम को लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क के बीच लगे इलेक्ट्रिक पोल संरचनात्मक रूप से



उपयुक्त स्थान हैं, जहां बिना अतिरिक्त ढांचे के आसानी से मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया जा सकता है। यह कदम मुख्य रूप से सड़क की धूल को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है, जो दिल्ली की वायु में पीएम 2.5 और पीएम 10 स्तर को बढ़ाता है। सिरसा ने कहा कि इस आदेश से सभी संबंधित विभागों की सीधी जिम्मेदारी तय होती है। प्रदूषण नियंत्रण केवल योजना बनाने से नहीं होगा, इसे रोजाना जमीन पर लागू करना होगा। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, एमसीडी, एनडीएमसी, एनएचएआई और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग जैसे सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मिस्ट/वॉटर स्प्रिंकलर और एंटी-स्मॉग गनों को प्रदूषण प्रभावित सड़कों और इलाकों में नियमित अंतराल पर लगाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए यह कार्ययोजना दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा चिन्हित प्रदूषण वाले क्षेत्रों के आधार पर की जा रही है और यह ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) का हिस्सा है। पर्यावरण विभाग ने प्रभावी धूल नियंत्रण के लिए विशेष तकनीकी मानदंड भी निर्धारित किए हैं, जिसमें 50–100 माइक्रोन कण आकार की मिस्ट जेट्स और 0.45–0.65 एमपीए दबाव वाली प्रणाली का उपयोग अनिवार्य है। इसके साथ ही ज्यादा ट्रैफिक वाली सड़कों और निर्माण क्षेत्रों पर मैकेनिकल स्वीपिंग और जेटिंग सिस्टम से नियमित सफाई भी की जाएगी।

### मंत्री ने सभी विभागों को प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी नियुक्त करने के दिए निर्देश

मंत्री सिरसा ने कहा कि आदेश की अनुपालन की निगरानी हेतु सभी विभागों में प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। ये अधिकारी रोजाना कार्यों की निगरानी, अनुपालन और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार होंगे। पर्यावरण विभाग समय-समय पर औचक निरीक्षण भी करेगा। दिल्ली सरकार स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच समन्वय और सख्त निगरानी से प्रदूषण नियंत्रण को संस्थागत रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जरूरी कार्य के चलते पिंक लाइन पर मेट्रो सेवाओं के समय में मामूली फेरबदल

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने आवश्यक कार्य के चलते पिंक लाइन अंतर्गत कई स्टेशनों पर मेट्रो परिचालन के समय में 5-10 मई के बीच अस्थाई बदलाव किया है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 5-10 मई के बीच पिंक लाइन के जाफराबाद और मौजपुर-बाबरपुर स्टेशन के बीच रात 9 बजे के बाद कोई मेट्रो सेवा नहीं मिलेगी, जबकि इससे पहले यहां अंतिम मेट्रो रात 11 बजे तक मिलती थी। इसके अलावा पिंक लाइन के ही शिव विहार से मजलिस पार्क अब सुबह 6 बजे की बजाए 7 बजे से मेट्रो सेवाएं चलेंगी। जबकि मौजपुर – बाबरपुर से मजलिस पार्क सुबह 6 बजे की बजाए 7:10 बजे से मेट्रो सेवाएं शुरू होंगी। वहीं दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस से मौजपुर – बाबरपुर खंड पर सुबह 6 बजे की बजाए 6:12 बजे सेवाएं शुरू होंगी। इसके अलावा आई.पी. विस्तार से मौजपुर – बाबरपुर खंड पर सुबह 6 बजे की बजाए 6:53 बजे सेवाएं शुरू होंगी। वहीं सराय काले खां निजामुद्दीन से मौजपुर – बाबरपुर खंड पर सुबह 6:15 बजे की बजाए 6:36 बजे मेट्रो सेवाएं शुरू होंगी। डीएमआरसी का कहना है कि इस अस्थाई बदलाव के अलावा शेष सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं पहले की तरह अपने पूर्व के सामान्य समयानुसार सेवाएं देती रहेंगी।

### भाजपा नेताओं ने वक्फ बोर्ड को लेकर किया जागरूक

नई दिल्ली। वक्फ बोर्ड इस्लाम में पवित्र संकल्प है जो चैरिटी के लिए बनाया गया है लेकिन कांग्रेस की सरकार ने इस पर सिर्फ भ्रम फैला कर मुस्लिम समाज को सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक समझकर उन्हें अंधकार में धकेल दिया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध जन सम्मेलन के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी लगातार देश को एकजुटता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रगतिशील कानून बनाते रहे हैं। भाजपा दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मोदी आज के युग के युग पुरूष हैं उन्होंने बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है और वह लगातार इन बुराइयों से लड़ रहे हैं। वहीं, अल्पसंख्यक मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीश अब्बासी ने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून से अल्पसंख्यक वा मुस्लिम समाज की कोई भी दरगाह, मस्जिद, चर्च, ईदगाह आदि की जमीन नहीं छीनी जाएगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में मुस्लिम व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे और वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन कानून से होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### भाजपा ने किया वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केंद्र का शिलान्यास

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को मयूर विहार फेज 1 में दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाये जाने वाले वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केंद्र का भूमि पूजन एवं शिलान्यास केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में किया। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल की अध्यक्षता में हुए शिलान्यास समारोह में दिल्ली नगर निगम शाहदरा साऊथ के अध्यक्ष संदीप कपूर एवं उपाध्यक्ष संजीव कुमार, विधायक रविकांत और मयूर विहार जिला भाजपा अध्यक्ष विजेन्द्र धामा के साथ मयूर विहार के गणमान्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सचदेवा ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारी पूंजी है और हर परिवार का ही नहीं समाज का भी दायित्व है कि वरिष्ठ नागरिकों को उनका पूरा सम्मान मिले। साथ ही हमें यह भी देखना होगा कि बुजुर्ग समाज की मुख्य धारा से जुड़े रहें। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाजिक विमर्श बनाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं और हमारा फर्ज है कि हम इन्हे मुस्कुराने का माध्यम दें। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह मनोरंजन केन्द्र मयूर विहार में सैकड़ों बुजुर्गों को सम्मान से बैठ कर हंसने बोलने का अवसर देगा। जबकि महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि दिल्ली के सभी 250 वार्डों में बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए मनोरंजन केन्द्र बनें।

### सिख दंगे के लिए कांग्रेस को कोई माफी नहीं : कक्कड़


नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने राहुल गांधी द्वारा सिख दंगे समेत कांग्रेस सरकार में हुई गलतियों को स्वीकारने पर तीखा हमला बोला है। 'आप' की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि राहुल गांधी के दिखावटी प्रेम से जनता सिख दंगे के लिए कांग्रेस को माफ नहीं करने वाली है। राहुल गांधी ने दंगे के जिम्मेदार लोगों को प्रमोट किया था। अब कांग्रेस की गलतियों को मानने से कुछ नहीं होगा। कक्कड़ ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा गलती स्वीकारने से क्या होगा? उस वक्त अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने कहा था कि यह कवर-अप की जननी है।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया 'वन दिल्ली, वन नंबर' का ऐलान

# दिल्ली में अब एक हेल्पलाइन नंबर 311 पर दर्ज की सकेंगी शिकायतें : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

मानसून से पहले दिल्ली सरकार ने जनता की सुविधा के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए अब नई दिल्ली नगर पालिका (एनडीएमसी), दिल्ली नगर निगम(एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से जुड़ी सभी नागरिक सेवाओं की शिकायतें एक ही नंबर 311 पर दर्ज की जा सकेंगी। इस एकीकृत हेल्पलाइन नंबर की घोषणा सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने एनडीएमसी के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण करने के बाद की। प्रवेश वर्मा ने कहा कि वन दिल्ली, वन नंबर, यही हमारा लक्ष्य है। अब लोगों को यह सोचने की जरूरत नहीं कि समस्या किस विभाग की है। नागरिक केवल 311 पर कॉल करें और उनकी शिकायत संबंधित विभाग तक तुरंत पहुंचा दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि यह नई व्यवस्था खासतौर से मानसून सीजन को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। जलभराव, टूटी सड़कें, बंद नाले या ओवरफ्लो सीवर जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को अब किसी विभाग के चक्कर नहीं काटने होंगे। प्रवेश वर्मा ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें कमांड सेंटर की संचालन प्रणाली, विभागों के प्रतिनिधियों की प्रतिनियुक्ति, जवाबदेही तंत्र और तकनीकी एकीकरण पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### आने वाले दिनों में होगा बड़ा बदलाव

311 हेल्पलाइन और साझा कमांड सेंटर के माध्यम से दिल्ली सरकार नागरिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के मॉडल को मजबूत कर रही है। यह पहल मानसून के दौरान दिल्लीवासियों को राहत देने के साथ-साथ भविष्य की स्मार्ट सिटी अवधारणा की दिशा में भी अहम कदम साबित होगी।

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि ऐसे सभी स्थान, जो मानसून के दौरान जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं और जहां अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां जल्द ही कैमरे लगाए जाएंगे। इससे समस्या की पहचान रियल-टाइम में हो सकेगी और संबंधित विभाग तुरंत मौके पर कार्रवाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जलभराव जैसी समस्याओं का समाधान मौके पर तुरंत हो, इसके लिए तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है। सीसीटीवी कैमरों और लाइव मॉनिटरिंग के ज़रिए हमारी टीमें तेजी से प्रतिक्रिया दे सकेंगी।

प्रवेश वर्मा ने एनडीएमसी स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए बताया कि इस सेंटर को अब दिल्ली के सभी प्रमुख विभागों का साझा केंद्र बनाया जा रहा है। मानसून के दौरान यह सेंटर 24 काम करेगा और हर शिकायत की रियल-टाइम ट्रैकिंग और समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सभी विभागों के मॉनिटरिंग अधिकारी एक ही जगह बैठकर आपस में समन्वय बनाएंगे।

प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सभी पंपिंग स्टेशनों को ऑटोमेटिक सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। इससे जल निकासी तेज होगी और फील्ड टीमों को हर स्तर पर टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट मिलेगा।

## सीएजी की रिपोर्टों की निगरानी हेतु डिजिटल पोर्टल लांच करेगी दिल्ली विधानसभा : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

- दिल्ली विधानसभा में लेखा परीक्षा अनुपालन और वित्तीय सुशासन को सुदृढ़ करने हेतु उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन

दिल्ली विधानसभा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों की निगरानी हेतु डिजिटल पोर्टल लांच करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में लेखा परीक्षा अनुपालन और वित्तीय सुशासन को सुदृढ़ करने हेतु उच्च स्तरीय बैठक करने बाद दी। बैठक के दौरान गुप्ता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों पर त्वरित रूप से कार्रवाई की गई टिप्पणियां प्रस्तुत करने के महत्व को दोहराया तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में लोक लेखा समिति (पीएमसी) के अध्यक्ष अजय माहावर भी उपस्थित थे। बैठक में ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम (एपीएमएस) और सीएजी की रिपोर्ट टिप्पणियों की समीक्षा के विषयों पर चर्चा की गई। इस पहल का उद्देश्य उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना तथा लेखा परीक्षात्मक निष्कर्षों पर समयबद्ध प्रतिक्रिया को प्रोत्साहित करना है। बैठक में रोली शुक्ला मालगे, महालेखा परीक्षक (ऑडिट),आशीष चंद वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त),डॉ. एस.बी. दीपक, सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सन्नी कुमार सिंह, आयुक्त, आबकारी, मनोरंजन एवं विलास कर विभाग, दानिश अशरफ, विशेष सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, विजेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, एस.एस. परिहार, विशेष सचिव, वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विचार-विमर्श के दौरान गुप्ता ने सभी विभागों से अनुरोध किया कि वे सीएजी की अनुशंसाओं का गंभीरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें तथा सीएजी की रिपोर्ट टिप्पणियों को समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण के खिलाफ ननि की कार्रवाई जारी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के




तहत सोमवार को एक बार फिर कड़ी कार्रवाई की गई। एनफोर्समेंट टीमों ने इफको चौक, एमजी रोड, सिकंदरपुर और महरौली-गुरुग्राम रोड के दोनों ओर से अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान रेहड़ी-पटरी, खोखे, टपरी नुमा ढाबों और अन्य प्रकार के अस्थायी ढांचों को हटाया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई। ननि ने साफ कर दिया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग के दिशा-निर्देशों व अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार जारी है। निगम का लक्ष्य सभी सड़क, फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाना है। ननि ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण मुक्त गुरुग्राम अभियान निरंतर चलता रहेगा शहरवासियों से सहयोग की अपेक्षा की है।

### हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना धौज की टीम ने घर में चोरी की नीयत से घुसने व देखने पर हमला करके चोट



पहुंचाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता आने जानकारी देते हुए बताया कि गांव गोठड़ा मोहब्ताबाद निवासी हितेश ने थाना धौज में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 28 अप्रैल को शाम के समय उसके घर में एक व्यक्ति घुसकर चोरी कर रहा था, जब उसकी घरवाली ने उसे देखा तो घरवाली के कान के कुंडलों को छीन लिया तथा शिकायतकर्ता की घरवाली के हाथ पर चाकू से 2-3 वार किए जिसकी शिकायत पर थाना धौज में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। थाना धौज के टीम ने आरोपी उधम वासी गोठड़ा मोहब्ताबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी घर में चोरी करने की नीयत से घुसा था, जब उसको शिकायतकर्ता की घरवाली ने देख लिया गया तो उसने महिला पर हमला कर हाथ में लोहे की पत्ती से चोटें मारी और घर से भाग गया।

## न्यू अशोक नगर और आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर है स्टॉप

# दिल्ली सेक्शन में नमो भारत स्टेशनों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान कर रहीं इलेक्ट्रिक एसी बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने डीटीसी के साथ मिलकर दिल्ली में विभिन्न रूटों पर चलने वाली इलेक्ट्रिक एसी सिटी बसों को नमो भारत स्टेशनों से इंटीग्रेट करने की व्यवस्था की है। इसके लिए आपसी सहमति से शुरुआत में 3 ऐसे रूट निर्धारित किए गए हैं, जो दिल्ली सेक्शन के परिचालित स्टेशनों, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार से कनेक्टेड हैं। इनमें से एक रूट की बसें तो न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन से ही संचालित की जा रही हैं। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि ये बसें अपने निर्धारित रूटों पर सेवाएँ प्रदान करने के दौरान नमो भारत स्टेशनों पर बनाई गई ड्रॉप ऑफ लेन में रुक रही हैं, जहाँ से नमो भारत ट्रेनों के यात्री इनमें बैठकर आगे की यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। नमो भारत स्टेशन के पास जिस रूट पर ये बसें परिचालित हो रही हैं उनमें न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन से आनंद विहार आईएसबीटी तक, आनंद विहार आईएसबीटी से अशोक नगर बॉर्डर तक और अशोक नगर बॉर्डर से मयूर विहार फेस-3 पेपर मार्केट तक के रूट शामिल हैं।




### नमो भारत में तेज गति से यात्रा करना आसान

ये बसें सुबह 6.30 बजे से रात 11 बजे तक अपने-अपने टाइम टेबल के अनुसार इन रूट पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं इन बसों के चलने से चिल्ला गाँव, सपेरा बस्ती, न्यू कोंडली, दल्लुपुरा, गाज़ीपुर गाँव व मंडी, धर्मशिला क्रॉसिंग, त्रिलोक पुरी आदि क्षेत्रों के निवासी निर्बाध रूप से नमो भारत के नेटवर्क से जुड़ गए हैं। इससे उनके लिए गाज़ियाबाद और मेरठ तक नमो भारत द्वारा तेज गति से यात्रा करना बेहद आसान हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में, दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का 55 किमी का खंड 11 स्टेशनों के साथ जनता के लिए परिचालित है। साथ ही, कॉरिडोर के अन्य खंड जैसे सराय काले खां से न्यू अशोक नगर एवं मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक ट्रायल रन किए जा रहे हैं। यानी पूरे कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों को दौड़ते हुए देखा जा सकता है। एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि संपूर्ण दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को इसी साल जनता के लिए परिचालित कर दिया जाएगा।

## सीएम सैनी ने लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में माथा नवाया और जनता को किया संबोधित

# श्री लक्ष्मी नारायण दिव्यधाम से मिला सेवा का आशीर्वादः मुख्यमंत्री नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें श्री लक्ष्मी नारायण दिव्य धाम में जनता की सेवा करने का आशीर्वाद मिला जिसके बाद वह प्रदेश की जनता का जीवन बदलने का प्रयास कर रहे हैं। वह यहां आयोजित पांच दिवसीय 18 में ब्रह्मोत्सव के अवसर पर पहुंचे थे जहां उन्होंने दिव्यधाम में माथा नवाया और अधिपति जगद्गुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नायब सिंह सैनी ने जनता को भी संबोधित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्ष 2023 में हरियाणा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद वह फरीदाबाद में सबसे पहले सिद्धदाता आश्रम आए थे और स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य का आशीर्वाद उन्हें मिला था। शुरुआत में लोग ऐसा कहते थे कि मैं थोड़े दिन में चला जाऊंगा लेकिन यह दिव्यधाम का आशीर्वाद है कि मैं आपकी सेवा में दिन-रात लगा हुआ हूं। यहां अतुलनीय दिव्यता है। उन्होंने कहा कि दिव्य धाम की स्थापना के लिए बड़ा किया किया गया है, जहां आने से बड़ी शांति मिलती है।

### श्री लक्ष्मी नारायण दिव्य धाम फरीदाबाद की पहचान



इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि धार्मिक व्यक्तियों को हर क्षेत्र में आगे आना चाहिए। धार्मिक व्यक्ति जब राजनीति में आता है तो राजनीति की दिशा और दशा को सकारात्मक करता है, धार्मिक व्यक्ति जब व्यापार में आता है तो वह व्यापार में भी सकारात्मकता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण दिव्य धाम ऐसा स्थान है जहां आने वालों की कामनाओं की पूर्ति होती है। आज यहां पूरी दुनिया से लोग आते हैं और यह स्थान फरीदाबाद की भी पहचान है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं भजनों से कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया

इससे पूर्व एक विशाल शोभायात्रा जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के सान्निध्य में निकाली गई जिसमें जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी ज्योतिनारायणाचार्य महाराज, श्री शंभू पंचायती अग्नि अखाड़ा के महासचिव श्री श्री 108 तपोनिष्ठ स्वामी संपूर्णानंद ब्रह्मचारी महाराज, अग्नि अखाड़ा के थानापति स्वामी विचित्रानंद ब्रह्मचारी भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने कलश एवं झंडे लेकर भागीदारी की। वहीं घोड़े, ऊंट और बग्गियों में सही झांकियां बहुत ही सुंदर लग रही थीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं भजनों से कलाकारों ने सभी भक्तों को जमकर झुमाया।

## जन्म के समय मात्र 50 प्रतिशत जीवित रहने की संभावना थी

# 25 सप्ताह में जन्मीं त्रिदेवी, नवजात बालिकाएं सकुशल घर पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने भारत में नवजात देखभाल के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए मात्र 5.5 माह की गर्भावस्था में जन्मीं तीन नवजात बालिकाओं को सफलतापूर्वक अस्पताल से छुट्टी दे दी दी है। इन नवजातों का कुल वजन केवल 2.5 किलोग्राम था और ये जन्म के बाद लंबे समय तक निसु में गहन निगरानी में रहीं।

अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने 225 दिनों तक इन तीनों शिशुओं की उच्च जोखिम वाली देखभाल की और यह सुनिश्चित किया कि इस दौरान किसी भी तरह की चिकित्सकीय जटिलता न हो न तो कोई अस्पताल में हुआ संक्रमण, न ही मस्तिष्क में रक्तस्राव और न ही कोई दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्या। यह भारत में अपनी तरह का पहला मामला दर्ज है, जब इतनी कम अवधि में जन्मे और इतने कम वजन वाले तीन नवजात जीवित रह सके



हों। गर्भावस्था की शुरुआत से ही यह मामला असाधारण था। मां, जो कि एक 46 वर्षीय विश्वविद्यालय प्रोफेसर हैं, ने दीर्घकालीन गर्भधारण की चुनौती के बाद प्राकृतिक रूप से तीन नवजातों को गर्भधारण किया और तीसरी तिमाही तक सफलतापूर्वक ले गईं। अंतिम हफ्तों में मां की तबीयत कई संक्रमणों के कारण बिगड़ने लगी और उन्हें भी गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी। नवजातों का जन्म क्रमशः 900 ग्राम, 800 ग्राम और 800 ग्राम के वजन के साथ हुआ यह सभी वजन भारत में जीवित रहने की सामान्य सीमा से काफी नीचे माने जाते हैं।

### 6 डॉक्टरों और 20 नर्सों ने निरंतर देखभाल की

भारत में 25 सप्ताह पर जन्मे किसी भी एकल बच्चे के जीवित रहने की संभावना लगभग 50 प्रतिशत मानी जाती है, जबकि इतनी कम कुल वजन के साथ तीन नवजातों का जीवित रहना असंभव ही समझा जाता है। फिर भी, इन तीनों शिशुओं की चिकित्सकीय यात्रा उल्लेखनीय रूप से स्थिर रही। वरिष्ठ नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत शर्मा के नेतृत्व में छह डॉक्टरों और लगभग 20 निसु नर्सों की समर्पित टीम ने लगातार शिफ्टों में काम करते हुए इन नवजातों को व्यक्तिगत और निरंतर देखभाल प्रदान की। उल्लेखनीय रूप से इनमें से किसी भी शिशु को यांत्रिक वेंटिलेशन की आवश्यकता नहीं पड़ी जो इस उम्र में एक असाधारण बात है। केवल एक शिशु को सतही सर्फेक्टेंट की एक खुराक और एक रक्त आधान दिया गया। सभी तीनों शिशुओं को जन्म के नौ घंटे के भीतर आहार देना शुरू कर दिया गया था और चौथे दिन तक वे पूरी तरह से मां के दूध पर आ गए जो कि अंतरराष्ट्रीय मानकों से भी तेज है। पूरे 225 दिनों की देखभाल के दौरान तीनों नवजातों को किसी भी प्रकार का अस्पताल जनित संक्रमण नहीं हुआ और न ही मस्तिष्क में रक्तस्राव पाया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

# खट्टर को हरियाणा के विकास को रफ्तार देने के लिए जाना जाता हैः मंजू नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस पर मंत्री राजेश नागर द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित आईएमटी कॉलेज में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं का जोश देखते ही बनता था। सोमवार को चंडीगढ़ में कैबिनेट मीटिंग होने के कारण राजेश नागर शहर में मौजूद नहीं थे इसलिए उनकी अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी मंजू नागर ने शिविर का उद्घाटन कर लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को प्रदेश के



विकास को गति देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने पूरे प्रदेश को समान विकास के मार्ग पर लाकर यह दिखा दिया कि नेतृत्व यदि चाहे तो कोई भी वर्ग विकास से अछूता नहीं रह सकता। आज हरियाणा विकास की नई इबादत लिख रहा है और लोगों ने तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है जो स्पष्ट रूप से दिखाता है कि मनोहर लाल द्वारा लगाया पौधा आज विशाल वृक्ष बन चुका है। इस बारे में मंत्री राजेश नागर ने फोन पर बताया कि मनोहर लाल खट्टर को राजनीति का संत कहा जाता है। उन्होंने कभी किसी से भेदभाव नहीं किया। वह कभी किसी राजनीतिक दबाव में नहीं आए और उन्होंने प्रशासनिक सुधार के लिए कड़े फैसले लिए। वह सरकार में नए थे लेकिन राजनीति उनके लिए नई नहीं थी। इसलिए उन्होंने प्रदेश की राजनीति को एक नई धार देकर शासन प्रशासन को एक सूत्र में बांधने का काम किया। यही कारण है कि आज पूरा प्रदेश उनके जन्मदिन पर जश्न मना रहा है।

# टेलीग्राम टास्क के बहाने ठगी करने के मामले में साइबर की टीम ने दो आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने दो आरोपी मनीष बेरवा व संजय वासी पालडी मीनाए जयपुर को पालडी मीना से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर-3 वासी व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके व्हाट्सएप पर टास्क पूरा करके पैसे कमाने का मैसेज आया। जिसके बाद उसके पास ठगों ने कुछ होटल के रिव्यू करने के लिए लिंक भेजे जिनपर रेटिंग करने के बाद ठगों ने उसके खाता में 120 रुपए दिए। जिसके बाद ठगों ने उसे टेलीग्राम से जोडा और कहा की आगे के टास्क



के लिए पैसे देने होगे। शिकायतकर्ता ने टास्क करने शुरू किए जिसके बाद उसको 1,28,000 रुपए का टास्क दिया जिसके बदले ठगों ने उसे 2,56,000 रुपए देने की कही। टास्क पूरा करने के बाद ठगों ने उसे बोला की उसने टास्क पूरा करने में कोई गलती कर दी है जिसको ठीक करने के लिए उसे 2,18,000 रुपए और देने होगे उसने लालच में आकर ठगों के पास भेज दिए। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पैसे निकालने के लिए बोला तो ठगों ने अंकाउट फ्रिज होने बारे बतलाया और 2,60,260 रुपए देने को कहा शिकायतकर्ता के मना करने के बाद 1,30,160 रुपए भेजने को कहा जो शिकायतकर्ता ने ठगों के पास भेज दिए। ऐसा करके उसके साथ कुल 5,64,930 रुपए की ठगी हुई। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दर्ज की गई।

पूछताछ में सामने आया कि मनीष खाताधारक है और जयपुर में मेडिकल स्टोर पर काम करता है जिसने अपना खाता संजय को दिया था जो कारपेंटर का काम करता है और इसने यह खाता आगे ठगों को दिया था। खाते में ठगी के कुल 25800 रुपए आए थे। आरोपियों को आगामी पूछताछ के लिए माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# ग्यारह साल पुराने केस में राकेश टिकैत ने न्यायालय में उपस्थित होकर कराए वारंट निरस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लगभग ग्यारह साल पहले दर्ज हुए मुकदमे में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट एमपी , एमएलए में अपने ज़मानती प्रस्तुत कर अपने वारंट निरस्त कराए । उनके अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह ने बताया कि 18 सितंबर 2014 को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह के दिल्ली आवास को ज़बरदस्ती ख़ाली कराए जाने के विरोध में मुरादनगर गंग नहर पर रालोद कार्यकर्ताओं व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं तथा समाज के लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें उस समय की समाजवादी सरकार की पुलिस ने 36 नामज़द व हज़ारों अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना मुरादनगर पर गंभीर धाराओं में मुक़दमा दर्ज किए गए थे । दो मुकदमे स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट एमपी एमएलए ग़ाज़ियाबाद में विचाराधीन हैं । इन दोनों मुकदमों मे 36 नामज़द लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई थी । जो लोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे उनके न्यायालय द्वारा ज़मानती वारंट जारी किये गए थे। सोमवार को राकेश टिकैत ने न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वारंट निरस्त करते तथा दोनों मुकदमों में अपने ज़मानती दाख़िल किए। न्यायालय ने उक्त दोनों मुकदमों में 23 मई अगली सुनवायी के लिए निर्धारित की है । राकेश टिकैत के साथ किसान यूनियन के ज़िलाध्यक्ष बिजेंद्र चौधरी, अनीश चौधरी , रनवीर सिंह डागर, ओम पाल चौधरी, एस सी चौधरी, राजकुमार दुहाई , मधु चौधरी,पवन चौधरी, अनुज कुमार आदि।

# अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार, दो देसी कट्टा बरामद

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच एवीटीएस व क्राईम



ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को 2 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। 4 मई को क्राईम ब्रांच एवीटीएस व क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः सरफराज निवासी धौज फरीदाबाद को गांव धौज से व ब्रिजेश वासी सेहतपुर, फरीदाबाद को पल्ला से देशी कट्टा सहित काबू किया। विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | शिव / लाल चंद कॉलोनी वार्ड नं. 1, एम.सी. झज्जर में धर्मबीर के मकान से भारत भूषण से धर्मपाल नांदल, मास्टर दिलभाग से राजबीर और अन्य तक विभिन्न सी.सी. गलियों का निर्माण + 19 कार्य। | 02.05.2025 09.05.2025 | 3.46 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34441/1/88/7 दि. 05.05.25


## अतिथियों का फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया

# दिव्यांगों की सहायतार्थ डांस प्रतियोगिता व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

### समाजसेवी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दिव्यांगों की सहायतार्थ डांस प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सैक्टर-31 एसआरएस टॉवर स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट एवं भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता यशपाल शर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र नांदल, मनीष मिश्रा द्वारा की गई। जबकि मंच का संचालन संजीव कुशवाहा, रानी खान, अरूणा ने किया। डांस प्रतियोगिता में जज के रूप में दिल्ली से आए डायरेक्टर एवं कोरियाग्राफर मोक्ष वर्मा व कास्टिंग डायरेक्टर एवं कोरियाग्राफर ममता दिलावरी ने जजमेंट दी।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी युगल मित्तल, विशिष्ट अतिथि के रुप में ब्राह्मण समाज से श्याम सुंदर कौशिक, के बी दूबे, लायक राम शर्मा, पूर्व क्रिकेटर संजय भाटिया, उद्योगपति तरूण लाम्बा, रजनीश, अरूण मिश्रा, मुकेश कौशिक, एमएएफ के महासचिव रमणीक प्रभाकर, शिक्षाविद् राजेश मदान, विमल पाल, अमित जैन, भारत भूषण शर्मा, अमन अग्रवाल, शोभित आजाद, मॉडल एवं डॉ.विंध्या गुप्ता, डॉ. सुरेन्द्र दत्ता, डॉ. ब्रह्मप्रकाश गोयल, एडवोकेट संदीप सेठी, पंकज पाराशर, हरीश कुमार गर्ग, तजेन्द्र मलिक, ब्रजमोहन सैनी, दीपक गेरा, सचिन कथूरिया, चन्द्रभान शर्मा, तरसेम शर्मा भुवन चतुर्वेदी प्रदीप गुप्ता, अशोक डी स्टार, नरेन्द्र जैन, लाखन सिंह लोधी, कुलदीप लाम्बा, राकेश भाटिया, मामेन्द्र शर्मा, नवीन चौधरी, दिनकर नागर, मामचंद भड़ाना प्रधान सहित अन्य लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर सतपाल खत्री, मिथलेश मिश्रा, अजय वर्मा, जय कुमार गोला, मनजीत सिंह, साहिल ने आए हुए अतिथियों का फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों (सब जूनियर) श्रेणी में प्रथम नव्या, द्वितीय मनशा, तृतीय जानवी, 7 से 13 वर्ष तक की जूनियर श्रेणी में प्रथम जागृति, द्वितीय रक्षिता, तृतीय आन्या, 14 से 21 वर्ष तक की सीनियर प्रथम तूलिका, समूह नृत्य जूनियर श्रेणी,प्रथम हंगर डांस ग्रुप को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र भेंट किए गए।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 21/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है ।, **क्र.सं. :–1., कार्य का विवरण:–** इज्जतनगर डिवीजन में समई/काशीपुर के अन्तर्गत अलीगंज स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन का निर्माण।, **अनुमानित लागत रूपयों में:–** रु. 2,00,56,809.35, **बयाना राशि रूपयो में:–** रु. 2,50,300/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य,** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **08 माह**।, **1.** ई–निविदा दिनांक **26.05.2025** को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।, **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे ।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)
मुजाधि/डब्लू–50 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निशांत कुमार पुत्र श्री राम कुमार निवासी आरजी फ्लैट्स, ख्याला ब्लाईंड स्कूल के पास, दिल्ली व एम–358, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 76/2021, अन्तर्गत धारा 498ए/34 आईपीसी, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निशांत कुमार** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निशांत कुमार** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 76/2021, अन्तर्गत धारा 498ए/34 आईपीसी, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **निशांत कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**आकांक्षा गौतम**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
(महिला कोर्ट)–04, कक्ष सं. 252
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/5172/WD/2025**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### राहुल की नागरिकता वाली याचिका खारिज


**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका



खारिज कर दी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याची को सलाह दी है कि वह अन्य वैकल्पिक फोरम पर जा सकते हैं। न्यायमूर्ति एआर मसूदी एवं न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार याची की शिकायत को निस्तारित करने की कोई समय सीमा नहीं बता पा रही है।

### वजूखाना सर्वे मामले में 4 जुलाई को सुनवाई

**प्रयागराज।** वाराणसी स्थित वजूखाना के एएसआइ से सर्वेक्षण कराने की मांग वाली पुनरीक्षण



याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट अब चार जुलाई को सुनवाई करेगा। सोमवार को भोजनावकाश के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने प्रकरण में इन-चेंबर सुनवाई की। राखी सिंह के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इस मामले में दिया गया स्थगनादेश अभी जस का तस है।

### लंबी वीजा पर रह रहे पाकिस्तानियों को फरमान

**बरेली।** गृह मंत्रालय और प्रदेश सरकार की ओर से दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रहने वाले



पाकिस्तानियों को आदेश दिए गए हैं कि वह सत्यापित दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रॉनिक विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के ईएफआरआरओ पोर्टल पर नए सिरे से आवेदन करें। निर्धारित तिथि तक आवेदन न करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा निरस्त कर दिया जाएगा।

## बच्चों को मिलेगा पौष्टिक नाश्ता

# यूपी के सभी 75 जिलों में सीएम योगी शुरू करने जा रहे योजना

योगी सरकार यूपी के बच्चों व गरीब परिवारों के लिए एक बड़ी सौगात लेकर आ रही है। 'कुपोषण मुक्त यूपी' का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने ऐलान किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में जल्द ही 'मुख्यमंत्री सुपोषण योजना' की शुरुआत की जाएगी।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

इस योजना के तहत 3 से 6 साल तक के बच्चों को हर सुबह आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलेगा पौष्टिक नाश्ता, जिसमें दूध, फल और अन्य पोषक आहार शामिल होंगे। इसके साथ ही खास बात यह है कि जिन गरीब परिवारों के पास पशुधन नहीं है, उन्हें सरकार खुद गाय उपलब्ध कराएगी, जिससे घर में दूध की व्यवस्था हो सके और पोषण स्तर बेहतर हो। मुख्यमंत्री ने इस नई पहल को प्रदेश के 'जीरो पॉवर्टी मिशन' से भी जोड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना विशेष रूप से गरीब, वंचित और आकांक्षात्मक क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों और परिवारों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर रोज मिलेगा पौष्टिक नाश्ता के अलावा हर गरीब परिवार को गाय देने की योजना भी शामिल है।

### टेक होम राशन की मिलेंगी यूनिट्स

सिर्फ नाश्ता ही नहीं, बल्कि टेक होम राशन की व्यवस्था भी अब और मजबूत की जाएगी। वर्तमान में 43 जिलों में मौजूद 204 यूनिट्स की तर्ज पर अब हर जिले में यूनिट बनाई जाएगी, ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं तक गुणवत्ता युक्त पोषण समय पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि टेक होम राशन में हर जिले की विशेष फसलों और स्वादों को शामिल किया जाए। जैसे प्रतापगढ़ का आंवला, बुंदेलखंड का श्री अन्न और देसी गुड़। इससे न सिर्फ भोजन स्वादिष्ट होगा, बल्कि स्थानीय किसानों को भी फायदा मिलेगा। हर जिले में टेक होम राशन , स्वादिष्ट, देसी और हेल्दी फूड, बच्चों, महिलाओं और माताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।



### पारदर्शिता व तकनीक से निगरानी की जाएगी

सरकार की योजना है कि निर्माण से लेकर पैकेजिंग और वितरण तक की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और तकनीक आधारित हो। स्टंटिंग, अंडरवेट और कुपोषण जैसे मुद्दों की लगातार निगरानी के लिए स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग एक साथ मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पोषण सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ने की नींव है। बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना हमारी प्राथमिकता व जिम्मेदारी है।

## जेडीयू में होने वाला है कुछ बड़ा

# सीएम नीतीश ने पार्टी के नेताओं के साथ बनाया 'सीक्रेट प्लान'

सीएम नीतीश कुमार के सरकारी आवास, एक आणे मार्ग पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संगठन, सीटों के बंटवारे, चुनाव प्रचार और आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई।

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास, 1 अणे मार्ग पर जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक पार्टी संगठन को लेकर है। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्य सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे और चुनाव अभियान की रणनीति पर चर्चा हो रही है। बैठक दोपहर 3.30 बजे शुरू हुई। बताया जा रहा कि यह बैठक पार्टी संगठन को लेकर है। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्य सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे और चुनाव अभियान की रणनीति पर चर्चा हो रही है। बैठक दोपहर 3.30 बजे शुरू हुई।

### जेडीयू के कई वरिष्ठ नेता सीएम आवास पहुंचे



बैठक में शामिल होने के लिए जेडीयू के परिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, राज्य सरकार की मंत्री लेसी सिंह, मंत्री सुनील कुमार और एमएलसी खालिद अनवर बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। मंत्री विजय चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री अशोक चौधरी भी 1 अणे मार्ग पहुंचे हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में संगठन के ढांचे और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले नेताओं का 1 अणे मार्ग पर पहुंचना जारी है। सभी नेता पार्टी के भविष्य को लेकर गंभीर हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को तैयार हैं।

## अवैध तरीके से रह रहे थे म्यांमार के 6 संदिग्ध एसएसबी के जवानों ने सभी को धर दबोचा

### कई फर्जी दस्तावेज भी बरामद



**किशनगंज ।** बिहार के किशनगंज में एसएसबी के जवानों के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। जिले से सटे पश्चिम बंगाल के भारत-नेपाल सीमा पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसबी के जवानों ने छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जिन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, वे सभी छात्र हैं। ये सभी म्यांमार से भारत में अवैध तरीके से रहते पाए गए हैं। इनके पास से कई फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। एसएसबी के जवानों से मिली जानकारी के अनुसार हिरासत में लिए गए सभी छह संदिग्ध साल 2022 और 2023 में बिना पासपोर्ट और वीजा के मिजोरम में दाखिल हुए थे। ये सभी नागालैंड में स्थित विटर थियोलॉजिकल कॉलेज वांकहोसिंग, वोखा में धर्मशास्त्र की पढ़ाई कर रहे थे और साल 2023 से यहीं रह रहे थे। ये सभी छुट्टियों में अन्य भारतीय और नेपाली छात्रों के साथ सिलीगुड़ी आए थे, जिस दौरान जवानों को उनपर शक हुआ, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए इनको हिरासत में लिया गया।

## अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर कसा तंज

# कहा-गोबरनामा भाजपा सरकार का नया कारनामा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सरकारी विभाग की दीवारें अब गाय के गोबर से बने पेंट से रंगी दिखाई पड़ सकती है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश भी दे दिए हैं। हालांकि सीएम योगी के इस फैसले पर सूबे की राजनीति गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गोबरनामा के जरिए तंज कसते हुए जोरदार हमला बोल दिया है। दूसरी तरफ भाजपा ने अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदुवंशी अखिलेश यादव को गाय, गोबर और गोवंश से नफरत है। वो मजहबी तुष्टिकरण की राजनीति के नाते गाय, गंगा और गीता का अपमान करते हैं।



### 'एक्स' पर किया पोस्ट

सपा मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ ने उस बयान का जिक्र किया है जिसमें मुख्यमंत्री ने रविवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सरकारी भवनों में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने गोबरनामा को भाजपा सरकार का नया कारनामा बताया है।

### गोबर मिलाकर पेंट बनाने का प्रयास

भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि अखिलेश यादव इस सत्य को नकारने का प्रयास कर रहे हैं कि कैसे भारतीय वैज्ञानिकों ने गोबर मिलाकर पेंट बनाने का प्रयास किया है। अखिलेश यादव इस अभिनव और नूतन प्रयास को नकारने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्कि उन्हें लोगों से आव्हान करना चाहिए था कि गाय के गोबर का इस्तेमाल अलग-अलग चीजों में ज्यादा से ज्यादा कैसे किया जा सकता है।

## छह मंजिला भवन में आग से परिवार जला, पांच जनाजे एक साथ उठे

**कानपुर।** चमनगंज के प्रेमनगर क्षेत्र के छह मंजिला भवन में रविवार की रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिसमें कारोबारी मो. दानिश, उनकी पत्नी नाजली सबा और बेटियों सबा, सारा, सिमरा, इनाया की मौत हो गई। यह आग रात 8.25 बजे लगी थी, जिसकी भयावह लपटें और दमघोंटू धुआं पूरे क्षेत्र में फैल गया। इसको बुझाने में दमकल कर्मियों को नौ घंटे 10 मिनट तक मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार की सुबह 3:30 बजे एडीआरएफ की टीम ने मो. दानिश और नाजली सबा और सुबह 5.34 बजे तीनों बेटियों के शवों को बाहर निकला। एक ही परिवार के पांच शवों को देख क्षेत्र के लोग गमगीन हो गए। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दोपहर में शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दे दिया। रात करीब आठ बजे सभी को सुपुर्दे खाक किया गया। एक साथ सभी के जनाजे उठे। रविवार की रात 8:20 बजे प्रेमनगर से तकिया पार्क जाने वाले मार्ग का माहौल बिल्कुल सामान्य था।

## पेज एक का शेष

### एलओसी पर तनाव के...

मिनट तक चली। इससे पहले 3 मई (शनिवार) को नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बारे में अवगत कराया था। वहीं, इन सबके बीच आगामी दिनों में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की संभावना है।

### पीएम ने सेनाओं को ...

पहलगाम हमले के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और भारत द्वारा आतंकियों के समूल नाश यानी उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि आतंकवादियों और उनके पनाहगाहों को भले ही वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे हुए हों। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### फायरिंग के बीच आज...

राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनुर जैसे इलाके नापाक फायरिंग की जद में आए हैं। दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशक कार्यालय (डीजीएमओ) स्तर पर मंगलवार को सैन्य अधिकारियों की बातचीत हो सकती है। यह वार्ता भारत और पाकिस्तान के बीच एलओसी पर फायरिंग या तनाव से जुड़ी अन्य परिस्थितियों के बीच प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को होने वाली नियमित बातचीत का हिस्सा है। बीते सप्ताह भी दोनों देशों के बीच यह वार्ता हुई थी। जिसमें भारतीय सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तान के समक्ष एलओसी पर उसके द्वारा लगातार की जा रही फायरिंग को लेकर सख्त नाराजगी जताई थी। बीते 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद से लेकर पाकिस्तान की तरफ से कुल करीब डेढ़ दर्जन से अधिक बार एलओसी पर फायरिंग की गई है।

### 537 ग्राम पंचायतों...

लगातार इस दिशा में कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। इसे और गति देते हुए हरियाणा में मुख्यमंत्री आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। जहाँ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों को प्लाट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत पहले चरण में 61 ग्राम पंचायत और एक महाग्राम पंचायत में ड्रॉ के माध्यम से 4532 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए गए। आज इस योजना के दूसरे चरण के तहत 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में 1.58 लाख आवेदकों के लिए प्लॉट के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 100 वर्ग गज तथा महाग्राम पंचायत में आवेदकों को 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट दिए जाएंगे।

### सीजेआई ने कहा...

चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने ये केस दूसरी पीठ के समक्ष रखा है। जैसे ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा कि कुछ ऐसे पहलू हैं जिनसे केंद्र ने निपटा है, लेकिन उन्हें स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। सीजेआई ने आगे कहा कि मैं अपने कार्यकाल के अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई जल्द ही करनी होगी और यह मेरे समक्ष नहीं होगा। सीजेआई ने कहा कि हमने केंद्र के जवाबी हलफनामे पर बहुत गहराई से विचार नहीं किया है। हां, केंद्र ने वक्फ संपत्तियों के संबंध में कुछ बिंदु उठाए हैं और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं, जिन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता होगी। सीजेआई खन्ना 13 मई को पद छोड़ देंगे और उनकी सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद न्यायमूर्ति गवई उनका स्थान लेंगे।

**केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को दिया था आश्वासन :** इससे पहले, केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ सहित वक्फ संपत्तियों को न तो गैर-अधिसूचित करेगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने पीठ को यह आश्वासन देते हुए कहा कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के साथ पारित कानून को सरकार की सुनवाई के बिना स्थगित नहीं किया जाना चाहिए।

### भारत की रक्षा वेबसाइटों...

भविष्य में इस प्रकार के हमलों से बचाव किया जा सके।

**एवीएनएल पर किया हमला:**सेना ने बताया कि उक्त पाक हैकर्स के समूह ने अपने साइबर हमले में रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, आर्म्ड व्हीकल निगम लिमिटेड (एवीएनएल) की आधिकारिक वेबसाइट को भी निशाना बनाने की कोशिश की। इस वेबसाइट को उन्होंने पाकिस्तानी झंडे और कृत्रिम मेधा यानी एआई का इस्तेमाल कर बिगाड़ दिया है। भारतीय सेना का कहना है कि उसके द्वारा इस वेबसाइट को सुरक्षा के मद्देनजर फिलहाल बंद कर दिया गया है। अब यह आकलन करने की कोशिश की जा रही है कि इस हमले में वेबसाइट को कितना नुकसान पहुंचा है। साथ ही बल अपनी इस कवायद में यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि यह वेबसाइट सुरक्षित बनी रहे।

### 'नेशनल मैनुफैक्चरिंग...

अन्य मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ समन्वय की आवश्यकता होगी। एक अन्य प्रतिभागी ने नेतृत्व को महत्वपूर्ण मुद्दा बताया, क्योंकि सरकार का लक्ष्य विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी में हिस्सेदारी को वर्तमान 17 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी करना है। मजबूत नेतृत्व के बिना, विभिन्न मंत्रालयों और राज्यों के बीच समन्वय में चुनौतियाँ आ सकती हैं। मिशन के तहत 20-30 चयनित औद्योगिक पार्कों के विकास को बढ़ावा देना शुमार है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारतीय विनिर्माण की भागीदारी बढ़ाना और नौकरी सृजन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण को प्रोत्साहन देना, मिशन का लक्ष्य रखा गया है। मिशन की स्थापना के लिए बजटीय आवंटन 2025-26 के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मिशन के लिए नीति आयोग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसके सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया गया है, जो मिशन की रूपरेखा तैयार कर रही है। नीति आयोग ने अपनी प्रस्तुति में चीन को एक केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया, जिसने उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी, रेल परिवहन उपकरण, रोबोटिक्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में प्राथमिकता देकर वैश्विक विनिर्माण में अग्रणी स्थान हासिल किया।

## प्रारंभिक जांच ने चौंकाया, हिरासत में बाबा

# श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में कई बंदरों की मौत से हड़कंप



एजेंसी ⏭ मथुर

यूपी में श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा से बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक साथ कई बंदरों का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। अधिकारियों के निर्देश पर कई टीमें जांच पड़ताल में जुट गई हैं। बंदरों के शरीर पर एयर गन के छर्रे मिलने से इनकी हत्या की आशंका से खलबली मची है। पिछले कुछ दिनों से दो तीन बंदर इसी तरह मृत मिल रहे थे। सोमवार को अचानक करीब 12 बंदरों की मौत से सनसनी फैली तो पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों तक मामला पहुंचा। पुलिस ने एक बाबा को हिरासत में लिया है। बाबा यूक्रेनी नागरिक बताया जा रहा है। लोगों ने यूक्रेनी पर एयर गन से बंदरों पर निशाना साधने की बात कही है। फिलहाल टीमें जांच में जुटी हैं।

अधिकारियों तक मामला पहुंचा और पशु चिकित्सा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घायल बंदर के सिर में एयर गन के छर्रे लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने पास के आश्रम के महंत पर बंदरों को मारने का आरोप लगा। आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए आश्रम के चारों ओर पुलिस तैनात कर दी गई है।

## बिहार की सियासत 'भीम' पर आई

# लोजपा आर ने बहुजन भीम समागम का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार की सियासत में एक अहम फैक्टर दलित वोट बैंक है, जिस पर सभी सियासी दलों की नजर है। दलितों की राज्य में करीब 19 फीसदी आबादी है। जिसको लेकर आगामी चुनाव के लिए सभी दल रणनीति बना रहे हैं। फिर चाहे वो महागठबंधन हो या फिर एनडीए।

हाल ही 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर पटना में नीतीश कुमार की जेडीयू और भारतीय जनता पार्टी ने बड़े स्तर पर कार्यक्रम किए थे। जिसमें जदयू का भीम संवाद शामिल था। वहीं भाजपा ने पार्टी का स्थापना दिवस 6 से 14 अप्रैल तक मनाया था। अब एनडीए की एक और सहयोगी चिराग पासवान की लोजपा (आर) ने भी बहुजन भीम समागम की शुरुआत का ऐलान किया है।

लोजपा (रामविलास) के जमुई सांसद अरुण भारती ने 18 मई को



नालंदा के बिहारशरीफ से बहुजन भीम समागम की शुरुआत करने की घोषणा की है। इसके बाद बिहार के दूसरे जिलों में भी इसका आयोजन किया जाएगा।

पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने ये जानकारी दी। दलितों में पासवान लोजपा (आर) का कोर वोटर है। ऐसे में दलितों को साधने की कवायद के तौर पर बहुजन भीम समागम को देखा जा रहा है। वहीं केंद्र सरकार के जातीय जनगणना के फैसले का सांसद अरुण भारती ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला लोगों को जोड़ने का काम करेगा।

## यह परेशान करने वाला, इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती

# सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड एचसी के रवैये पर जताया आश्चर्य

एजेंसी ⏭ रांची

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाई कोर्ट के रवैये पर आश्चर्य जताया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह परेशान करने वाला है। ऐसा होने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट से उन मामलों पर एक महीने में रिपोर्ट पेश करने को कहा है जिनमें फैसले लंबित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखने के बाद 67 आपराधिक अपीलों पर फैसला नहीं सुनाया है। शीर्ष कोर्ट ने सभी उच्च न्यायालयों से उन मामलों पर एक महीने में रिपोर्ट पेश करने को कहा है जिनमें निर्णय लंबित हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस घटनाक्रम को परेशान करने वाला करार दिया। कहा कि वह इस मुद्दे पर कुछ अनिवार्य दिशा-निर्देश बनाएगी।

### सभी उच्च न्यायालयों से 4 सप्ताह में मामलों पर रिपोर्ट मांगी



पीठ ने कहा कि ऐसा होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों से चार सप्ताह में उन मामलों पर रिपोर्ट मांगी है जिनमें 31 जनवरी 2025 या उससे पहले फैसला सुरक्षित रखा गया है, लेकिन आज तक सुनाया नहीं गया है। शीर्ष अदालत ने झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा दायर रिपोर्ट पर गौर करने के बाद यह निर्देश पारित किया। दायर रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी 2022 से दिसंबर 2024 तक खंडपीठ द्वारा सुनी गई 56 आपराधिक अपीलों में आदेश सुरक्षित रखे जाने के बावजूद फैसला नहीं सुनाया गया है। इसमें यह भी उल्लेख किया कि एकल पीठ के न्यायाधीश के समक्ष आदेश सुरक्षित रखे जाने के बावजूद 11 आपराधिक अपीलों में फैसला नहीं सुनाया गया है।

### आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों की याचिका पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इन दोषियों ने वकील फौजिया शकील के माध्यम से याचिका दायर कर दावा किया है कि झारखंड हाई कोर्ट ने 2022 में दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर आदेश सुरक्षित रख लिया था, लेकिन फैसला नहीं सुनाया। इसके कारण वे छूट का लाभ लेने में सक्षम नहीं हैं।

हरिभूमि सहेली

नई दिल्ली, मंगलवार 6 मई 2025



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

**अलका सोनी**

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पानल में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

### परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव:** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं। ❀

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

**सरस्वती रमेश**

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।



**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी। ❀



अगर आपकी मम्मीं अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

**सरिता गुप्ता**

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।



**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।



**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।

**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं। ❀

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

**मानसी**

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं। ❀

मेडिकल एडवाइस

**डॉ. रविंद्र गुप्ता**
सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।



**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें। ❀

**प्रस्तुति: विनीता**

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया रीवा न्यायालय भवन का लोकार्पण

# न्याय पाना सबका अधिकार, इसकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर रही सरकार: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक सामाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। डॉ यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्मित भवन को न्याय का मंदिर बताते हुए विश्वास जताया कि इस भवन में आने वाला हर व्यक्ति सहज, सुलभ और पूर्ण न्याय प्राप्त करेगा। डॉ यादव ने कहा कि पिछले डेढ़-दो सालों में ही न्यायालयीन व्यवस्था की बेहतरी के लिए प्रदेश में 30 से अधिक छोटे-बड़े न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया गया है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

**बोले-नए कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध**



### खुशी और गौरव लेकर आई न्यायालय भवन की सौगात

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन की सौगात खुशी और गौरव लेकर आई है। रीवा ही नहीं पूरा विन्ध्य तेजी से विकास कर रहा है। न्यायालय के नवीन भवन के लोकार्पण में सुप्रीम कोर्ट और न्यायाधीशगणों ने शामिल होकर हमारा गौरव बढ़ा दिया है। हमारी न्याय प्रणाली सुदृढ़ होगी तो हमारा लोकतंत्र भी मजबूत बनेगा। समारोह में हाईकोर्ट के पोर्टफोलियो जज संजीव सचदेवा ने कहा कि रीवा की न्यायिक प्रणाली देश के संविधान से भी पुरानी है। यहां राजशाही विन्ध्य प्रदेश के समय भी मजबूत न्याय व्यवस्था थी। रीवा हाईकोर्ट से बघेलखण्ड और बुंदेलखण्ड के 21 जिलों के प्रकरणों का निराकरण होता था। नवीन न्यायालय भवन से रीवा की न्यायालयीन परंपरा को नया आयाम मिलेगा।

### तेजी से आगे बढ़ रही सरकार: न्यायाधीश सूर्यकांत

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार के सक्रिय सहयोग से 30 नवीन न्यायालय भवनों की सौगात मिली है। रीवा के नवीन न्यायालय भवन में न्यायालयीन प्रणाली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी। नवीन भवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना हो और कारगर न्यायप्रणाली से निष्पक्ष न्याय मिले। देश की प्रगति के लिए मजबूत न्याय प्रणाली का होना आवश्यक है।

### स्थापत्य, आधुनिकता का अनूठा संगम

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी ने कहा कि रीवा में राजा विश्वनाथ सिंह ने वर्षों पहले दो न्यायालयों का गठन किया था। मेताक्षिरा न्यायालय में हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार तथा धर्मसभा में धार्मिक आधार पर न्याय किया जाता था। नवीन न्यायालय भवन बघेली स्थापत्य और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

### रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्णः सतीश चंद्र

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि रीवा में विधि का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। इसी माटी से निकलकर जीपी सिंह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तथा जस्टिस जेएस वर्मा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने। यहां के कई जज और अधिवक्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं।

### न्याय की देवी की काली पट्टी खोलना अभूतपूर्व पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नए कानून बनाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा बीते कुछ सालों में दिए गए प्रमुख निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन निर्णयों से सबके दिलों में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है। डॉ यादव ने कहा कि देश की न्यायपालिका ने एक अहम निर्णय लेते हुए अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी है, ताकि न्याय की देवी खुली आंखों से सबको न्याय दे सके, यह एक अभूतपूर्व पहल है। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त नए न्यायालय भवन के लिए रीवावासियों को बधाई देते हुए कहा कि सबके अधिकारों और हितों की रक्षा ही यह भवन न्याय के प्रति आस्था का केंद्र बनेगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में किया लॉयर्स चेम्बर एवं मल्टीलेवल पार्किंग का शिलान्यास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर में मप्र उच्च हाईकोर्ट के एक समारोह में लॉयर्स चैंबर और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। समारोह में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं जस्टिस एससी शर्मा, मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत, प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा एवं महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मौजूद थे। इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

## नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं का घर बैठे मिलेगा लाभ

# मुख्यमंत्री ने रीवा सिटीजन एप का किया शुभारंभ, आम लोगों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नगर पालिक निगम रीवा में निर्मित माय रीवा सिटीजन एप का शुभारंभ किया। यह एप नागरिकों की सेवा में एक स्मार्ट पहल है, जिसके माध्यम से रीवा के नागरिक नगर निगम की सेवाओं से जुड़कर घर बैठे आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

इस अवसर पर नगर निगम ने माय रीवा सिटीजन एप से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर जिले के विकास में



### माय रीवा सिटीजन एप में यह सुविधाएं

माय रीवा सिटीजन एप में शिकायत पंजीकरण, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, नाली, सड़क, सीवरेज, पेयजल सहित सेवा ट्रैकिंग और समाधान स्थिति को देखा जा सकेगा। इसके माध्यम से आमजन सुझाव, फीडबैक प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, संपत्तिकर, जलकर भुगतान, अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं ई-चालान सहित अन्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। एप में शिकायत के साथ फोटो अपलोड करने, गूगल मैप आधारित स्थान चिन्हांकन, वन-स्टाप प्लेटफार्म में शिकायतों, सेवाएं, सरल एवं पारदर्शी इंटरफेस, डैशबोर्ड तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण आदि की सुविधा भी रहेगी।

## रीवा में नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा प्रवास के दौरान राजनिवास सर्किट हाउस परिसर में नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। इंडो-यूरोपियन शैली में पुर्नघनत्वीकरण योजना से 656.45 लाख रुपए की लागत से निर्मित विश्राम गृह सभी आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन सर्किट हाउस रीवा के लिए बड़ी सौगात है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन विश्राम करने वालों को सुखद अनुभूति देगा। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री शुक्ल को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के उपरांत सर्किट हाउस का अवलोकन किया और बेहतर निर्माण की प्रशंसा की।

### 2200 वर्गमीटर में बना है यह विश्राम भवन

पुर्नघनत्वीकरण योजना में मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने 2200 वर्ग मीटर में नवनिर्मित विश्राम गृह में 6 स्विट रूम के साथ एक वेटिंग एरिया, 24 सीटर मीटिंग हॉल, ड्राइंग रूम, 14 सीटर डायनिंग एरिया आदि शामिल हैं। भवन में लिफ्ट का भी प्रावधान किया गया है। इस अवसर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# जीएडी ने तबादला नीति में 21 पेज की नियमावली जारी की चपरासी के तबादले भी विभागीय मंत्री के अनुमोदन से ही होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने तबादले में दी गई एक महीने की छूट में राज्य व जिला स्तर पर होने वाले विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले के लिए 21 पेज की नियमावली जारी की है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने नियमावली में कहा कि तबादला नीति से हटकर होने वाले तबादले के प्रकरण मुख्यमंत्री के समन्वय में जाएगा। यह ठीक उसी तरह होगा, जो तबादले में छूट से पहले साल भर होते थे। दूसरी तरफ स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन पोर्टल जारी किया है। इसमें आवेदन के लिए 6 से 16 मई तक का समय दिया गया है। सरकार ने तबादले पर लगे प्रतिबंध में एक मई से 30 मई तक के लिए छूट दी है। इसी अवधि में सभी विभागों में तबादले होना है। हालांकि अखिल भारतीय सेवा, न्यायिक सेवा व राज्य सेवा के अधिकारियों के साथ मंत्रालयीन सेवा के अधिकारियों व कर्मचारियों पर यह छूट लागू नहीं होगी।

### पुलिस में तबादले की यह रहेगी रूपरेखा

गृह विभाग के तहत डीएसपी से नीचे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले पुलिस स्थापना बोर्ड की ओर से जिले में पदस्थापना का निर्णय लिया जाएगा। जिले के भीतर एसपी प्रभारी मंत्री के परामर्श के उपरांत पदस्थापना की जाएगी। डीएसपी और उससे वरिष्ठ के अधिकारियों के तबादले स्थापना बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुरूप विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद समन्वय में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद होंगे।

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने कृषि विवि में विद्यार्थियों-प्राध्यापकों से किया संवाद

# ग्वालियर में उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले-किसान के खेत से निकलता है विकसित भारत का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से निकलता है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं और कृषि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे किसानों के जीवन में बदलाव एवं खुशहाली लाने में अपना योगदान दें।

प्रयास ऐसे हों कि किसान केवल फसल उत्पादक बनकर ही न रहें, अपितु वे एग्री-प्रीनियर (कृषि उद्यमी) बनें। उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के परस्पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे तकनीक और अनुसंधान का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में बदलाव के प्रबंधक बनें।

संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला मंचासीन थे।

### गो-संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों को सराहा

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा गोवंश के संरक्षण के उद्देश्य से गोशालाओं को दिए जा रहे प्रोत्साहन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की गोशाला के विस्तार में सहयोग के लिए कहा।

## 50 लाख वाहनों में लगना है हाई सिक्योरिटी नंबर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 से पहले के लगभग 50 लाख से अधिक पंजीकृत वाहन हैं। इन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना है, लेकिन अब तक इनमें से करीब तीन लाख ने ही आवेदन किया है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए परिवहन आयुक्त ने एस. प्रकश ने इनमें तेजी लाने के निर्देश दिया है। परिवहन सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के लिए अनुबंधित कंपनियों के साथ हाई लेवल बैठक की है। इसमें जनता को आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा कर इनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ में लगातार फैल रही आबादी

# कोरबा के जंगल बने किंग कोबरा का पसंदीदा ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जंगल में पाए जाने वाले किंग कोबरा का साम्राज्य फैल रहा है। वर्ष 2016 में यह कुदमुरा वन परिक्षेत्र में दिखाई दिया। इसके आवासीय इलाकों और आनुवंशिक शोध की जिम्मेदारी वन विभाग ने रायपुर के नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी को दी है। पांच साल से जारी शोध के बाद यह तथ्य सामने आया है कि किंग कोबरा का रहवास कोरबा, कुदमुरा के साथ पसरखेत, बालको के अलावा लेमरू में भी पाया गया है। सांप का कुनबा सरगुजा सीमा पर मिलने से इसके अन्य जिले में विस्तार की संभावना बढ़ गई है। किंग कोबरा समेत ऐसे अनेक दुर्लभ जीव हैं, जिनके लिए कोरबा का जंगल वर्षों से पसंदीदा ठिकाना है। उड़न गिलहरी, खूबसूरत तितलियां, कबरबिज्जू, उद्बिलाव व पैंगोलीन जैसे कई जीव हैं, जिन्होंने समय-समय पर झलक दिखाई है। इससे पता चलता है कि कोरबा की जैव विविधता कितनी अनोखी है और इसे सहेजकर रखने की जरूरत है। इनमें विलुप्त होते किंग कोबरा का जंगल में मिलना शोध का विषय है।



### कोरबा के जंगलों में हैं दुर्लभ वन्यजीव

वन विभाग ने इसकी जरूरत समझते हुए किंग कोबरा व अन्य सरीसृपों पर एक व्यापक अध्ययन किया जा रहा है। इसके लिए सरीसृप विशेषज्ञ वर्ष 2021 से शोध में जुटे हैं, जो स्थानीय विवरण और संरक्षण संबंधित समस्याओं पर अध्ययन कर डेटा जुटा रहे हैं। नोवा नेचर ने इसके डीएनए टेस्ट की अनुमति शासन से मांगी है। उद्देश्य यही है कि पता लगाया जा सके कि भारत के पश्चिमी तराई क्षेत्र में पाए जाने वाले किंग कोबरा से यहां पाए जाने वाला सांप कितना भिन्न है। शासन ने अभी इसकी अनुमति नहीं दी है। सर्पों के विविध प्रजाति के विषय में कोरबा जिले की बात करें, तो जशपुर के बाद इसे दूसरा नागलोक कहा जाता है। गांव में इस सांप को पहरचित्ती सांप के नाम से जाना जाता है। सरीसृप वर्ग में किंग कोबरा एक मात्र ऐसा सांप है, जो चिड़ियों की तरह घोंसला बनाकर अंडे देता है।

## वेतन भुगतान करने के लिए मांगे थे 20 हजार

# शिक्षा विभाग का हेड क्लर्क रिश्वत लेते ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायगढ़ जिले में करप्शन के खिलाफ एसीबी की बड़ी कार्रवाई की है। शिक्षा कार्यालय में पदस्थ हेड क्लर्क को एसीबी ने 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। माध्यमिक स्कूल के चपरासी से वेतन भुगतान रिलीज करने के लिए 20 हजार रुपए की डिमांड की थी। सोमवार को हेड क्लर्क दूसरी किश्त ले रहा था, उसी दौरान एसीबी की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खरसिया क्षेत्र के हालाहुली माध्यमिक शाला में कलेक्टर दर पर पदस्थ भृत्य उसुराम केंवट का वेतन साल 2014 से 2017 तक रुका हुआ था। जिसके बाद चपरासी उसुराम ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसके वेतन भुगतान करने का आदेश होने के बाद भी उसे भुगतान नहीं किया गया।

शिक्षा विभाग में पदस्थ हेड क्लर्क एमएस फारूखी ने उससे 20 हजार रुपए मांगे थे, लेकिन भाव ताव करने के बाद 15 हजार रुपए पर सहमति बनी। इसके बाद उसुराम ने उसे पहले 5 हजार रुपए दिया, लेकिन उसके बाद भी उसका वेतन भुगतान नहीं हो सका।



### एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत

दूसरी किश्त देने से पहले उसने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत कर दी। जिसके बाद दूसरी किस्त 10 हजार रुपए देते समय एसीबी ने हेड क्लर्क को ट्रैप कर लिया। फिलहाल, मामले में आगे की जांच की जा रही है। एसीबी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग में पदस्थ हेड क्लर्क एमएस फारूखी को 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। लिखित कार्रवाई के बाद पीड़ित के पैसे वापस कर दिए जाएंगे।

## अगले तीन दिनों तक आंधी-बारिश की संभावना

**रायपुर।** मौसम विभाग ने राज्य में फिर आंधी की चेतावनी जारी की है। अगले तीन दिनों तक आंधी-पानी की स्थिति बनी रहेगी। सोमवार को राज्य के 20 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। इस दौरान बारिश के साथ कहीं- कहीं ओले गिरने की भी संभावना है। मैदानी क्षेत्रों में आंधी चलने की संभावना मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के मैदानी क्षेत्रों में 20 जिलों में फिर आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। बता दें कि राज्य का मौसम करीब सप्ताहभर से बदला हुआ है। लगातार आंधी-पानी की स्थिति बनी हुई है। इससे जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक साथ तीन- तीन सिस्टम का असर राज्य के मौसम पर पड़ रहा है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

**05113/05114 छपरा – आनंद विहार (ट) – छपरा विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05113 आगमन | गाड़ी सं. 05113 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05114 आगमन | गाड़ी सं. 05114 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:45 | छपरा | 14:00 | --- |
| 14:25 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 16:00 |

चलने के दिन : 05113 छपरा से दिनांक 14.05.2025 से 16.07.2025 (प्रत्येक बुधवार) तथा 05114 आनंद विहार (ट) से दिनांक 15.05.2025 से 17.07.2025 (प्रत्येक गुरुवार) को।
ठहराव : छपरा कचहरी, मशरख, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**05301/05302 मऊ जं. – अंबाला कैंट जं. – मऊ जं. विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 आगमन | गाड़ी सं. 05301 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05302 आगमन | गाड़ी सं. 05302 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:00 | मऊ जं. | 22:00 | --- |
| 00:30 | --- | अंबाला कैंट जं. | --- | 01:40 |

चलने के दिन : 05301 मऊ जं. से दिनांक 15.05.25 से 17.07.25 (प्रत्येक गुरुवार) तथा 05302 अंबाला कैंट जं. से दिनांक 16.05.25 से 18.07.25 (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत एवं पानीपत स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य

**05193/05194 छपरा – शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर – छपरा विशेष रेलगाड़ी** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05193 आगमन | गाड़ी सं. 05193 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05194 आगमन | गाड़ी सं. 05194 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:00 | छपरा | 08:00 | --- |
| 08:42 | 08:47 | मुरादाबाद | 14:20 | 14:30 |
| 23:05 | --- | शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर | --- | 00:10 |

चलने के दिन : 05193 छपरा से दिनांक 19.05.25 से 14.07.25 (प्रत्येक सोमवार) तथा 05194 शहीद कप्तान तुषार महाजन उधमपुर से दिनांक 21.05.25 से 16.07.25 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : छपरा कचहरी, मशरख, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ एवं जम्मू तवी स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य

**05119/05120 छपरा – लोकमान्य तिलक (ट) – छपरा विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 05119 आगमन | गाड़ी सं. 05119 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05120 आगमन | गाड़ी सं. 05120 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 12:00 | छपरा | 01:15 | --- |
| 14:40 | 14:50 | वाराणसी जं. | 21:25 | 21:35 |
| 16:45 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 20:15 |

चलने के दिन : 05119 छपरा से दिनांक 13.05.25 से 24.06.25 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 05120 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 14.05.25 से 25.06.25 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., प्रयागराज जं., मानिकपुर, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल जं., जलगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य

**04602/04601 फिरोजपुर कैंट जं. – पटना जं. – फिरोजपुर कैंट जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 40 फेरे

| गाड़ी सं. 04602 आगमन | गाड़ी सं. 04602 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04601 आगमन | गाड़ी सं. 04601 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:10 | फिरोजपुर कैंट जं. | 23:55 | --- |
| 06:30 | 06:40 | लखनऊ | 08:15 | 08:25 |
| 18:00 | --- | पटना जं. | --- | 20:50 |

चलने के दिन : 04602 फिरोजपुर कैंट जं. से दिनांक 07.05.25 से 12.07.25 (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार) तथा 04601 पटना जं. से दिनांक 08.05.25 से 13.07.25 (प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार) को।
ठहराव : मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

**04608/04607 अमृतसर जं. – दरभंगा – अमृतसर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04608 आगमन | गाड़ी सं. 04608 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04607 आगमन | गाड़ी सं. 04607 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:10 | अमृतसर जं. | 10:30 | --- |
| 02:30 | --- | दरभंगा | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 04608 अमृतसर जं. से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तथा 04607 दरभंगा से दिनांक 11.05.2025 से 13.07.2025 (प्रत्येक रविवार) को।
ठहराव : ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा जं., अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

**04068/04067 नई दिल्ली – भागलपुर – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 36 फेरे

| गाड़ी सं. 04068 आगमन | गाड़ी सं. 04068 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04067 आगमन | गाड़ी सं. 04067 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 14:30 | --- |
| 13:30 | --- | भागलपुर | --- | 14:30 |

चलने के दिन : 04068 नई दिल्ली से दिनांक 11.05.2025 से 09.07.2025 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तथा 04067 भागलपुर से दिनांक 12.05.2025 से 10.07.2025 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर जं., जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

**04618/04617 अमृतसर जं. – सहरसा जं. – अमृतसर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 36 फेरे

| गाड़ी सं. 04618 आगमन | गाड़ी सं. 04618 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04617 आगमन | गाड़ी सं. 04617 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:10 | अमृतसर जं. | 14:00 | --- |
| 03:00 | --- | सहरसा जं. | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 04618 अमृतसर जं. से दिनांक 12.05.2025 से 08.07.2025 (प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार) तथा 04617 सहरसा जं. से दिनांक 14.05.2025 से 10.07.2025 (प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा जं., अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं, गोरखपुर जं, सीवान जं, छपरा, हाजीपुर जं, बरौनी जं, खगड़िया जं एवं मानसी जं स्टेशन।
स्थान : शयनयान (आरक्षित)

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1328/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# भारत को लेकर 'उपदेशक' दृष्टिकोण नहीं रखे यूरोप

भारत ने यूरोप को आईना दिखाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल के वर्षों में भारत के प्रति यूरोप के व्यवहार में कथनी व करनी में फर्क को रेखांकित करते हुए दो टूक कहा कि, भारत को व्यवहारिक साझेदार चाहिए, उपदेशक नहीं चाहिए। जब से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से यूरोप भारत पर रूस को लेकर दबाव बनाता रहा है, लेकिन रूस के साथ यूरोप के संबंध में ही दोहरापन रहा है। पहलगाम आतंकी हमले पर भी यूरोप व ब्रिटेन के बयानों में निंदा से अधिक नसीहत है। आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। जयशंकर ने भारत व रूस के बीच यथार्थ की धरातल पर सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उदाहरण देकर यूरोप को उसका अक्स दिखाया कि भारत को लेकर यूरोप का दृष्टिकोण व्यवहारिक होना चाहिए। यूरोप को समझना होगा कि रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने की कोई भी कोशिश विफल ही होगी। यूरोपीस संघ (ईयू) में जर्मनी और फ्रांस बड़े देश हैं। दोनों देश भारत से रूस के खिलाफ सख्त रुख की मांग करते रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों देशों ने भारत से रूस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने रूस के साथ यथार्थवादी रवैया रखा। ये दोनों देश ऐसे हैं, जो खुद रूस से गैस लेते रहे। वर्ष 2023 तक दोनों मुल्कों ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स के रास्ते रूसी गैस खरीदी और भारत को रूस से तेल न लेने की नसीहत दी। जयशंकर ने यूरोप के इसी तरह के दोहरे रवैये की पोल खोली। पहलगाम हमले पर यूरोप के एक बड़े पक्ष की चुप्पी या फिर संयम बरतने की नसीहत भारत को नागवार गुजरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों के कायराना हमले में 26 पर्यटक समेत 27 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में ऑपरेशनल दरेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा के छद्म गुट हैं। इसके बाद भी यूरोप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा और पीड़ित भारत के प्रति समर्थन में उदारता नहीं देखी गई। यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की नेता काजा कैलास ने 2 मई को अपने बयान में भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद ईयू के ये बयान पाकिस्तान की ओर ज्यादा झुका हुआ है। यूरोप की ये पुरानी समस्या रही है कि वह हमलावर और पीड़ित में फर्क नहीं कर पा रहा है। अगर यूरोप भारत की सुरक्षा चिंताओं की परवाह नहीं करेगा, भारत के ट्रेड हितों की अनदेखी करेगा, तो भारत यूरोप का उपदेश क्यों सुनेगा। यूरोपीय संघ से अलग ब्रिटेन ने भी यूक्रेन व रूस जंग में तटस्थ रहने पर भारत की आलोचना की थी। यूक्रेन पर हमले के बाद बोरिस जॉनसन ने भारत से रूस से रिश्ते तोड़ लेने की अपील की थी, जबकि 21वीं सदी का भारत औपनिवेशिक काल से काफी आगे निकल चुका है। भारत का स्वतंत्र व गुटनिरपेक्ष विदेश नीति है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप खुद ही यूक्रेन युद्ध पर एक्सपोज हो चुका है। यह सही है कि यूरोप के अधिकांश देशों से दशकों से भारत के बेहतर रिश्ते हैं, पर यूक्रेन व रूस से जंग के बाद यूरोप के तेवर भारत के प्रति भूराजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक व्यापार के नजरिये से व्यवहारिक नहीं थे। इस जंग को लेकर ट्रंप के बदले रुख से यूरोप बैकफुट पर आ गया है, वह जंग समर्थक दिख रहा है, जबकि उसे जंग को समाप्त कराने की दिशा में प्रयासरत दिखना चाहिए। यूरोप को अपनी कथनी व करनी को लेकर आत्मचिंतन करना चाहिए।

भोपाल कांड

डॉ. मोनिका शर्मा



# शोषण के भयावह दुष्चक्र को तोड़ने में सजगता आवश्यक

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कॉलेज में छात्राओं के शारीरिक शोषण और फिर ब्लैकमेलिंग की घटना से जुड़े सभी पहलू भयावह हैं। ध्यातव्य है कि आरोपियों ने न केवल योजनागत रूप से अंजाम दिए गए अपने कुत्सित कर्मों को स्वीकार कर लिया है, बल्कि उनके मोबाइल और लैपटॉप में इसके सबूत भी सामने आए हैं। फोन में अश्लील वीडियो में 10-15 लड़कियों के वीडियो मिले हैं। शोषण के चक्रव्यूह में सोच-समझकर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका शोषण करने के बाद ब्लैकमेल कर जिस्मफरोशी के धंधे में धकेलने की बात सामने आई है। बाकायदा गिरोह बनाकर छात्राओं का शोषण करने वालों के इस समूह में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि कई आरोपी अभी फरार हैं। मामला मध्यप्रदेश के कई शहरों और कोलकाता एवं बिहार तक फैला है। देशभर के परिवारों को भयभीत करने वाले इस मामले में सामने में आया है कि पहले पहचान छिपाकर सहज मित्रता की गई। बाद में शारीरिक संबंधों का वीडियो बना डरा-धमकाकर शोषण का सिलसिला जारी रखा गया। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को नशा देकर उनके अश्लील वीडियो निकाले गए। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानसिक रूप से कमजोर करने और अपने नियंत्रण में रखने के लिए कई लड़कियों को जान बूझकर नशे की लत लगाई गई। ज्ञात हो कि यह कांड सामने आने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हाल के बरसों में तय रणनीति तहत स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ जालसाजी और शोषण के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के ब्यावर में 6 नाबालिग बच्चियों को ब्लैकमेल कर देह शोषण और धर्म बदलने का दबाव बनाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। भोपाल में हुए इस मामले में भी शारीरिक शोषण के अलावा कई दुर्भाव भरी हरकतें की गईं। पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर अपने दोस्तों से मिलने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िताओं के मुताबिक नशा करने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। बुर्का पहनकर तस्वीर भेजने को विवश किया गया। लड़कियों ने ऐसी तस्वीरें भेजी भी हैं, जिनसे जुड़े चैट्स आरोपियों के फोन से मिले हैं। इतना ही नहीं शारीरिक शोषण के वीडियो विदेश में बेचे जाने का भी आरोप है। मामले से जुड़ी इन बातों पर गौर करने से पता चलता है कि ऐसी सुनियोजित साजिश केवल शारीरिक शोषण का मामला नहीं है। आपराधिक मानसिकता के पीछे दुर्भाव भरी स्याह सोच भी मौजूद है। यही पक्ष ऐसी घटनाओं की भयावहता को और बढ़ा देता है। दरअसल, झूठ की बुनियाद पर मित्रता और फिर शोषण के अंधकार में धकेलने के ऐसे मामले समग्र समाज को चिंता में डालते हैं। आपसी भरोसे के रीतने का परिवेश बनाते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाले हमारे देश में छात्राओं के साथ हुई यह धोखाधड़ी कई मोर्चों पर सोचने को विवश करती है। तकनीक के गलत इस्तेमाल से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता के हनन से जुड़े प्रयास तक ऐसी घटनाएं समाज में दरार डालने का भी काम करती हैं। ज्ञात हो कि आरोपियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। देश के हर परिवार को स्तब्ध कर देने वाले इस मामले में कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। साथ ही बेटियों के स्वजनों को भी सजग रहने दरकार है। ऐसी घटनाएं समय रहते घर की बेटियों के मन-मस्तिष्क को सही दिशा देने का पहलू भी लिए हैं। बेटियां शोषण के किसी दुष्चक्र में फंस जाने पर पहले ही पड़ाव पर अपनी परेशानियां साझा कर सकें, इतना भरोसा तो परिवारजन अपनी बेटी को अवश्य दें। नकली पहचान के साथ बहला-फुसलाकर शोषण करने के ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों, अभिभावकों और प्रशासनिक अमले की साझी कोशिशें ही कारगर हो सकती हैं। इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए समग्र समाज की सजगता आवश्यक है।

((लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव




टैरिफ वार आर्थिकी

प्रो. अश्वनी महाजन

> हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में, 8 अप्रैल, 2025 को 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रंप ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम 'दंडात्मक टैरिफ' भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाज़ारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।' हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है।

चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण का ज्वलंत उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्यूमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1,732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा; इसलिए, चीन अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन



होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है। चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाज़ारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद, ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। इस संदर्भ में अमेरिकी सीनेट ने दो विधेयक पेश किए हैं, नीदर परमानेंट नॉर नार्मल ट्रेड रिलेशंस अधिनियम (पीएनटीआर अधिनियम) और एक्सिंग नॉन मार्केट टैरिफ इवेजन एक्ट (एएनटीई अधिनियम)। पहला पीएनटीआर चीन से आयात पर केंद्रित है और दूसरा एएनटीई अन्य देशों में माल का उत्पादन करने वाली चीनी फर्मों को लक्षित करता है, जबकि पीएनटीआर अधिनियम चीन से सीधे आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा और एएनटीई अधिनियम वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों से आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा, इसलिए नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है, जिनसे चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। भारत द्वारा चीनी डंपिंग को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों के बावजूद, चीनी आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4% बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7% घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

चीनी डंपिंग को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें न केवल चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा। जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क या सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तो चीन ने इसे टालने की कोशिश की है। उत्पाद संशोधन, अवशोषण, परिहार, या और कई अन्य तरीके। चीन भी आसियान और अन्य देशों के माध्यम से अपने माल को पुनः भेज रहा है। चीनी सामानों पर अंकुश लगाने के नई दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए, चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें




संकलित

दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी है




संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

अंतर्मन




आज की पाती

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सुगबुगाहट

बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव प्रचार के लिए हर पार्टी के नेता मैदान में डटे हुए है। बिहार में एनडीए की सरकार है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार भी सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। चुनाव का बिगुल बजते ही पार्टियां हमलावर हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में विकास ,कानून व्यवस्था और भाईचारा चाहिए, वो मिल रहा है। नीतीश कुमार के राज में विकास की गंगा बह रही है।उधर, कांग्रेस ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संविधान बदलना चाहते है। प्रोपोगेंडा फैलाना कांग्रेस को पहले भी भारी पड़ा था। कांग्रेस के पास वैसे भी सत्तारूढ़ सरकार को घेरने के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस पिछले सभी चुनावो में जीरो पर अटकी हुई थी।

*– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



बिहार में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाए और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में



प्रेस की स्वतंत्रता अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन कर सकती है- या इसे दबा सकती है। पक्षपातपूर्ण एल्गोरिदम, सरासर झूठ और नफरत फैलाने वाले भाषण इंटरनेट पर बारूदी सुरंग हैं।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### पाक की हिम्मत



पाक आतंकवादियों ने हमारे 26 निर्दोष लोगों को मार दिया, सबने एक आवाज में कहा "मोदीजी घर में घुसकर आतंकवादियों को मारो पीओके वापस लो।" मोदीजी बिहार चुनाव में व्यस्त हो गये। पाक की हिम्मत देखिए वो एलओसी फायरिंग कर रहा है।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### कोशिश करें, आगे बढ़ें



अगर आपको नहीं पता कि आप क्या चाहते हैं तो यह पता लगाना आपका मिशन होना चाहिए। स्पष्टता सोचने से नहीं आती, यह काम करने से आती है। गलत रास्ता भी आपको अटके रहने से कहीं ज़्यादा सिखाएगा। कोशिश करें। आगे बढ़ें। सीखें। मदद करें। कुछ करें।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**


अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर


## पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत मिले



पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिमी शहर पाटाज़ में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें वर्तमान में मारे गए 13 श्रमिक भी शामिल हैं।

ऑफ बीट

## क्या विटामिन डी से रोका जा सकता है कोलोरेक्टल कैंसर




कम विटामिन डी स्तर को लंबे समय से कोलोरेक्टल कैंसर होने के उच्च जोखिम से जोड़ा जाता रहा है। विटामिन डी के कम रक्त स्तर वाले लोगों में उच्च स्तर वाले लोगों की तुलना में सीआरसी होने का जोखिम 31 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह, एक अन्य अध्ययन में विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में सीआरसी जोखिम 25 प्रतिशत कम होने की बात सामने आयी। सबसे अधिक विटामिन डी का सेवन करने वाली महिलाओं में सबसे कम सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम 58 प्रतिशत कम था। विटामिन डी सूर्य के प्रकाश की प्रतिक्रिया में त्वचा में संश्लेषित होता है और पूरे शरीर में पाए जाने वाले विटामिन डी रिसेप्टर्स (वीडीआर) के माध्यम से अपने जैविक प्रभाव डालता है, जिसमें बृहदान्त्र ऊतक भी शामिल है। सक्रिय होने पर, ये रिसेप्टर सूजन, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और कोशिका वृद्धि से संबंधित जीन गतिविधि को विनियमित करने में मदद करते हैं जो कैंसर होने की मुख्य प्रक्रियाएं होती हैं। प्रीक्लीनिकल अध्ययनों से पता चला है कि विटामिन डी (कैल्सीट्रिऑल) का सक्रिय रूप सूजन को दबा सकता है।

मुगलों का वंशज बताकर लाल किले की मांग करने वाली सुल्ताना से सीजेआई का सवाल

# आपको फतेहपुर सीकरी और ताजमहल क्यों नहीं चाहिए?

## शीर्ष कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी ▶▶ सीजेआई और जस्टिस संजय ने की टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वह याचिका खारिज कर दी है,जिसमें याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम ने खुद को मुगलों का वंशज बताते हुए दिल्ली के लाल किले पर कब्जे की मांग की थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि सिर्फ लाल किला क्यों, ताजमहल और फतेहपुर सीकरी पर कब्जा क्यों नहीं चाहिए, वो भी तो मुगलों ने बनवाए हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने बेगम की याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है। सुल्ताना बेगम का दावा है कि वह बहादुर शाह जफर-2 के परपोते की विधवा है। बेंच ने कहा इसे खारिज किया जाता है।

### यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के खिलाफ केंद्र हलफनामा दे

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' पर रोक लगाने के आदेश को रद्द करने के अनुरोध वाली वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि मध्यस्थ ने केंद्र सरकार की ओर से कथित रूप से जारी उस गोपनीय निर्देश के तहत चैनल को ब्लॉक किया है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के अस्पष्ट आधार का हवाला दिया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जतायी और केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर हलफनामा मांगा।

**केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया था हवाला**



### सुल्ताना के वकील की मांग ठुकराई

सुल्ताना की याचिका पिछले साल दिसंबर में दिल्ली हाईकोर्ट ने देरी के आधार पर खारिज कर दी थी, जिस पर उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हाईकोर्ट में याचिका देरी के आधार पर खारिज की गई थी न कि गुण-दोष के आधार पर इसलिए सुप्रीम कोर्ट भी वही रियायत दे और देरी के आधार पर ही खारिज करे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी ये मांग मानने से इनकार कर दिया। बेगम ने 2021 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सिंगल जज की बेंच ने खारिज कर दिया था। इसके 900 दिन बाद याचिकाकर्ता हाईकोर्ट पहुंचीं। यहां जस्टिस विभू बाकरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने ढाई साल की देरी के आधार पर याचिका खारिज कर दी।

आईबी अधिकारी की हत्या का मामला

# ताहिर की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने पुलिस से जवाब मांगा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए



दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित एक मामले में नियमित जमानत की मांग की गई है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने हुसैन की याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा कि 3सप्ताह में वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपें। उन्होंने मामले की सुनवाई जुलाई में तय कर दी। अधिवक्ता तारा नरूला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हुसैन पहले ही पांच साल से अधिक का समय जेल में बिता चुके हैं और मुकदमे में तेजी लाने के लिए निचली अदालत के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, इसके पूरा होने में समय लग सकता है। याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने 12 मार्च को उनकी जमानत याचिका को गलती से खारिज कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में बाइक पेड़ से टकराई, 3 की मौत

**हावड़ा।** बंगाल के हावड़ा जिले में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर




सवार दो किशोरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात उस समय हुई जब उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगनान के पास एक पेड़ से टकरा गई और वे पास की झाड़ी में गिर गए, शव बरामद हो गए हैं।

### सीबीआई डीजी नियुक्ति पीएमओ में किया मंथन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए समिति की बैठक की



अध्यक्षता की। इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी थे। समिति के सदस्य सीजेआई संजीव खन्ना भी बैठक में शामिल हुए। वर्तमान निदेशक प्रवीण सूद हैं। उनका कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है।

### आज करना था घेराव डल्लेवाल नजरबंद

**फरीदकोट।** जिला पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल को सोमवार सुबह उनके घर में ही नजरबंद कर दिया। यह कदम संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारा मंगलवार को शंभू थाने के घेराव की योजना के मद्देनजर उठाया गया।

दंगों के लंबे समय बाद मुर्शिदाबाद गईं ममता, फोड़ा केंद्र पर ठीकरा

# दंगा भड़काने वालों को बताया 'बंगाल का दुश्मन' केंद्र सरकार को सीमाओं की सुरक्षा करनी चाहिए

## केंद्र सरकार पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर सोमवार को सांप्रदायिक नफरत फैलाने और देश की सीमा की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। बेनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल की हिंसा से प्रभावित परिवारों को भाजपा द्वारा उनसे मिलने से रोका जा रहा है। पिछले महीने हुए दंगों के बाद पहली बार मुर्शिदाबाद पहुंचने पर बेनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोग और कुछ धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की तीखी आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने आयोग के सदस्यों के मुर्शिदाबाद के हालिया दौरे के मद्देनजर उसकी प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या एनएचआरसी के सदस्यों ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा किया था, जहां अब राष्ट्रपति शासन है। बंगाल जाने पर सवाल उठाया।

**एनएचआरसी की भी तीखी आलोचना की**

### केंद्र को संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई

ममता ने केंद्र को चेतावनी दोहराते हुए कहा कि सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने केंद्र की उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई। जब आप कुर्सी पर होते हैं, तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते।



### एनएचआरसी यहां दौरा करने में तत्पर था

ममता ने आरोप लगाया कि क्या एनएचआरसी ने मणिपुर और उत्तर प्रदेश का दौरा किया? वे मुर्शिदाबाद का दौरा करने में तत्पर थे। जिस तरह 2016 में नोटबंदी की घोषणा के एक दिन बाद ऑनलाइन भुगतान मंच ने अखबारों में पहले पन्ने पर विज्ञापन दिए थे, उसी तरह एनएचआरसी ने दंगे होने के तुरंत बाद मुर्शिदाबाद का दौरा किया। यह पूर्व नियोजित था। मैंने अधिकतर साजिशों का पर्दाफाश कर दिया है, मैं मीडिया के सामने इसका पर्दाफाश करूंगी। कुछ मीडिया संस्थान बेबुनियाद बातें फैलाने में भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गए।

### प्रभावित परिवारों को 'जबरन' स्थानांतरित किया

बेनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित परिवारों को 'जबरन' अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया ताकि वे उनसे मिल न सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित लोगों के परिवारों को वहां से दूर ले गयी ताकि वे मुझसे न मिल सकें। क्या यह अपहरण नहीं है? अगर मैं उनसे यहीं मिलती और उन्हें चेक सौंपती तो क्या नुकसान होता?

कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



### पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की जाए

पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान, गिरफ्तारी और निर्वासन की मांग को लेकर भाजपा ने दक्षिण 24 परगना जिले के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। करीब 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री देबश्री चौधरी के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के पास एकत्र होकर राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस निर्देश पर अमल नहीं कर रही है, जिसमें सभी राज्यों से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। चौधरी ने कहा कि हमें यकीन है कि दक्षिण 24 परगना और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में कई पाकिस्तानी नागरिक छिपे हुए हैं।

### पुलिस ने रोका, एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा

प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने 'जज कोर्ट रोड' पर बैरिकेड लगाकर रास्ता रोका, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। केंद्र सरकार ने कश्मीर में शांति भंग करने के लिए आतंकवादियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था।

कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा

# कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड में हो रहे बेहतर कार्य : शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास देहरादून में कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग की केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला भी उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि किसानों तक वैज्ञानिकों की पहुंच सुनिश्चित करने वैज्ञानिकों की टीमें बनाई जा रही हैं। टीमें देश के प्रत्येक जनपद में भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से उत्पादन में वृद्धि, किसानों को आधुनिक खेती और तकनीकी से जोड़ने, कृषि और बागवानी से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी देंगी। राज्य में कृषि का क्षेत्रफल घटा है, लेकिन उत्पादन बढ़ा है। राज्य में कृषि के क्षेत्र में लंबी अवधि की कार्ययोजना पर कार्य किया जाए। राज्य में तात्कालिक रूप से कृषि के क्षेत्र में जो कार्य होने हैं, उनके लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए।

चौहान ने कहा मुझे बताते हुए खुशी है, कई एक्सीलेंट आइडियाज यहां से मिले जैसे ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड ने अपनी इच्छा व्यक्त की 'हाउस ऑफ हिमालयाज' को एक एंकर संस्थान के रूप में स्थापित किया जाए, यह बहुत सराहनीय विचार है। हमने तय किया है कि चाहे महिलाओं द्वारा संचालित सेल्फ हेल्प ग्रुप हो, एफपीओज हो,ब्रांडिंग, मार्केटिंग, जीआईटेक और जो यहां की फसलें हैं। इनकी पहुंच को हम कैसे जनता तक बढ़ाएं, विभाग टीम भेजेगी और इसे जमीन पर क्रियान्वित करेंगे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रेखा, पत्नी** : श्री सुनील, **पताः** 196/7 सीडी, गली नं. 9, थान सिंह नगर, आनंद पर्वत, नई दिल्ली–05 ने कोर्ट मुकदमा सं. **515531/16 U/s 138 NI ACT, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेखा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेखा** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा सं. **515531/16 U/s 138 NI ACT, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **रेखा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आराधना
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–01 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 201, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5666/CD/2025
(Court Matter)

सिरसा में बार-बार सड़क धंसने को लेकर सांसद सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

# निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदारी हो तयः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा शहर में बार-बार सड़क धंसने को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उनका कहना है कि अमृत योजना में घटिया निर्माण कार्य के चलते ऐसा हो रहा है, ऐसे में निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री सैनी को



लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र में सिरसा नगर में कई सालों से अलग-अलग जगहों पर 20-30 फुट तक सड़क धंसने की अनेक घटनाएं हो चुकी है, ज्यादातर घटनाएं रानियां रोड पर हुई हैं। इसके नजदीक ही एक और गड्ढा हो गया। यह स्थिति न केवल वाहनों के आवागमन में बाधा बन रही है, बल्कि नागरिकों के जीवन के लिए भी एक बड़ा खतरा उत्पन्न कर रही है। प्रशासन ने आवागमन बंद कर दिया है, परंतु स्थानीय जनता भय और असुविधा में जी रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि चिंता की बात यह भी है कि सिरसा में चल रही अमृत योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने का कार्य भी इसी प्रकार की घटिया गुणवत्ता से किया जा रहा है। पाइपलाइन के नीचे मजदूत बेडिंग (बेस लेयर) नहीं डाली जा रही, जिससे भविष्य में और भी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती है। इसे लेकर निष्पक्ष जांच करवाई जाए और जो भी ठेकेदार या अधिकारी दोषी है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अमृत योजना के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में विभिन्न स्थानों में नाला ड्रेन की सफाई और सेक्टर-1, फेज-1 2 वार्ड नं. 31 के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न आकार के स्टोर्म वाटर लाइंस मेन होल्स गल्ली चेम्बर्स की पुरानी पाइप लाइंस की सफाई। | 01.05.2025 12.05.2025 | 23.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | लीलाराम के मकान से दीपक के मकान तक वार्ड में आईपीबी रोड का निर्माण + 42 कार्य। | 28.04.2025 07.05.2025 | 3.63 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34473/I/88/7 दि. 05.05.25

कांग्रेस सहित विपक्ष के कई नेता गिरा रहे सेना का मनोबलः भाजपा

# यूपी कांग्रेस अध्यक्ष राय ने राफेल को खिलौने की तरह दिखाया, भाजपा भड़की

## पाकिस्तान का एक भी नेता भारत के पक्ष में बयान नहीं देताः सुधांशु त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने के लिए काम करने वाले 'पांचवें स्तंभ' बन गए हैं। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के राफेल को



खिलौने के रूप में दिखाने पर सोमवार को पलटवार किया। पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान के कितने नेताओं के बयान देखे हैं जो भारत के पक्ष में होते हैं, वहां का एक भी नेता का बयान अपनी सेना का मनोबल नहीं गिराता जबकि यहां विपक्ष के कई नेता सेना का मनोबल गिराने में जुटे हुए हैं।

त्रिवेदी ने पाकिस्तानी सेना और इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच तुलना करते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना संघर्ष विराम का उल्लंघन करके सीमापार से भारतीय सुरक्षा बलों पर लगातार बमबारी कर रही है, जबकि विपक्षी नेता अपने बयानों से उन पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा कि राय राफेल को एक खिलौने की तरह नींबू मिर्च लगाकर मजाक उड़ा रहे हैं। यह तब है जब राफेल गंगा एक्सप्रेस वे पर उतरा और इसी से ही पाकिस्तान डरा हुआ है।

भाजपा ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पर ताजा हमला राय की आतंकवादियों के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा कथित रूप से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने की टिप्पणी के बाद किया है। राय ने राफेल को दिखाते हुए एक टॉय विमान दिखाया, जिस पर नींबू और मिर्च लटकी हुई थी, साथ ही उन्होंने सरकार पर निशाना साधा कि वह इनका इस्तेमाल क्यों नहीं कर रही है? त्रिवेदी ने कहा कि यह विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों की सीरीज में से एक है जिसका मकसद सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना है। कांग्रेस के कई नेताओं की पिछली टिप्पणियों का जिक्र करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय मीडिया में पाक सेना के खिलाफ किसी भी टिप्पणी के लिए शायद ही किसी पाकिस्तानी नेता का हवाला दिया जाता है, जबकि वहां पर भारतीय राजनेताओं को सरकार की आलोचना करने और कथित तौर पर भारतीय सुरक्षा बलों को कमतर आंकने के लिए अक्सर उद्धृत किया जाता है। पीएम मोदी का भी कहना है कि जब नेताओं की एक आवाज में बात करने की बात आती है तो पाकिस्तान भारत से आगे निकल जाता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में पापसर से ककराला रोड (कंगथाली से पापसर) तक विशेष मरम्मत (आईडी 7009) (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) एससी/एसपी स्कीम। | बंद होने की तिथि 12.05.2025 | 249.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPD2KTL@GMAIL.COM |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में गांव गढ़पुर तापुर और मुसेपुर में यमुना नदी के गाइड बंध में दरार की वजह से क्षतिग्रस्त (बाढ़ से हुई क्षतियों) रंदोली बंध से जापती छापरा रोड (रोड आईडी-7192) (ओडीआर) लम्बाई 6.400 कि.मी. पर बाढ़ से हुई क्षतियों के पुनरोद्धार के लिए विशेष मरम्मत का कार्य + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.05.2025 | 32.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | जिला न्यायालय कैथल में वॉल पैनलिंग और फॉल्स सीलिंग (14 कोर्ट कमरों और शेष स्टाफ कमरों में) का पुनरोद्धार व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 08.05.2025 | 40.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हरियाणा राज्य में दादरी चिरया रोड (रोड आईडी-2440) (एमडीआर-124) कि.मी. 30.55 से 48.57 को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सीआरआईएफ स्कीम के तहत) (इलैक्ट्रिकल यूटिलिटीज की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.05.2025 12.05.2025 | 652 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा रोडवेज, दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शेड का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 08.05.2025 | 15.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में जीवीडी सिलानी के नये भवन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.05.2025 | 23.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना भुना रोड आरडी 0.00 से 16.500 (ओडीआर) पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार। (सीएम घोषणा कोड 27231 दिनांक 23.01.2023) (अमानी फाटक से बुवान तक एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 02.05.2025 08.05.2025 | 145 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | जिला परिषद पलवल | रोहता पट्टी से नवलगढ़ रोड तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करना और मजबूतीकरण रोड आईडी-816 + 1 कार्य। | 02.05.2025 09.05.2025 | 403 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | बाढ़ ऋतु 2025 से पूर्व आरडी 6615 से 45000 तक घोलपुर माइनर की मरम्मत, रखरखाव और आंतरिक सफाई + 10 कार्य। | 01.05.2025 09.05.2025 | 41.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज ब्लॉक बाढड़ा | गांव डोहका दिना में ग्राम सचिवालय, एससी चौपाल में शौचालय का निर्माण (डी-प्लान)। | 01.05.2025 08.05.2025 | 5.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज ब्लॉक चरखी दादरी | गांव कन्हेटी में खेत रास्ता (सूरज कुमार का मकबरा मोरवाला रोड से जगदेव के खेत तक) की पेवमेंट। | 30.04.2025 07.05.2025 | 14.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज ब्लॉक चरखी दादरी | गांव बिरही कलां में आदर्श धर्मशाला को पूरा करना, वीएएनजीवाई + 2 कार्य। | 30.04.2025 07.05.2025 | 29.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हरसाना कलां में गंदे तालाब (नीमली वाला तालाब) का विकास + 1 कार्य | बंद होने की तिथि 12.05.2025 | 33.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/260/34465/I/88/7 दि. 05.05.25

## रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# तनाव बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर पड़ेगा असर, भारत अपेक्षाकृत रहेगा अछूता : मूडीज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं।



*भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है।*



### भारत की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 0.5 से भी कम

वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के पर्यटकों पर किए हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है ।

### पाक की आर्थिक स्थिरता बाधित होगी

मूडीज ने कहा, " भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।" इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है।

### आईएमएफ वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन करेगा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी बोर्ड नौ मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है, जिसमें जलवायु परिवर्तन ऋण कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की नई वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर के 'राहत' पैकेज का भी मूल्यांकन करेगा।

### भारत आईएमएम से पाक को दिए धन की जांच के लिए कहेगा

सूत्रों ने बताया कि भारत आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन व ऋण की फिर से जांच करने के लिए कहेगा। मूडीज ने कहा कि भारत में वृहद आर्थिक स्थितियां स्थिर रहेंगी, जो मजबूत सार्वजनिक निवेश तथा स्वस्थ निजी खपत के बीच धीमी लेकिन अब भी उच्चस्तर की वृद्धि से मजबूत होंगी।

- पाक का विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है
- पाकिस्तान की वृद्धि दर भी हो सकती है प्रभावित
- भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई व्यवधान नहीं आएगा

*पाक के लिए बाहरी धन जुटाना होगा कठिन : मूडीज ने कहा, " तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की बाह्य वित्तपोषण तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।"*

*भारत के राजकोषीय ताकत पर भार पड़ेगा : रेटिंग एजेंसी ने कहा, " स्थानीय तनाव में निरंतर वृद्धि के परिदृश्य में, हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधान के आसार नहीं देखते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। हालांकि, उच्च रक्षा खर्च संभावित रूप से भारत की राजकोषीय ताकत पर भार डालेगा और इसके राजकोषीय समेकन को धीमा कर देगा।"*

# हुंडई की क्रेटा पहले भी नंबर 1 थी, अब भी! इस कार को टक्कर देने वाला कोई नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



हुंडई के लिए भारतीय बाजार में क्रेटा अब तक का सबसे सफल मॉडल है। यह कॉम्पैक्ट सी-सेगमेंट एसयूवी लगभग एक दशक से हुंडई का सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल है। और यह अभी भी बाजार में अपनी पकड़ बनाए हुए है। लगातार दूसरे महीने, हुंडई क्रेटा देश का सबसे ज्यादा बिकने वाला पैसेंजर व्हीकल बन गया है। मार्च में भी क्रेटा सेल में नंबर 1 थी और अप्रैल में भी ये टॉप पर रही। इस साल अप्रैल में, हुंडई ने देशभर में 17,016 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की, जिससे एनुअल ग्रोथ दर 10.2 प्रतिशत रही। अप्रैल 2024 में, दक्षिण कोरियाई कार निर्माता ने 15,447 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की। मार्च 2025 में, हुंडई ने डीलरशिप्स को 18,059 यूनिट्स एसयूवी की डिलीवरी की।

# एप्पल इंडिया की बिक्री मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान इसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत के समग्र स्मार्टफोन बाजार में सबसे अधिक 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके साथ ही भारतीय स्मार्टफोन बाजार में इसमें अपना दबदबा कायम रखा। वहीं दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय बाजार में दूसरे और शाओमी 13 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिपोर्ट के मुताबिक, शाओमी की हिस्सेदारी में सालाना आधार पर शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से सबसे अधिक 37 प्रतिशत की गिरावट आई। यह किफायती और 'वैल्यू-फॉर-मनी' स्मार्टफोन दोनों खंडों में चुनौतियों को दर्शाती है। ओप्पो स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ी और इसकी बाजार हिस्सेदारी 12 प्रतिशत पर पहुंच गई।

### रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के चलते सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे बढ़कर 84.33 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.10 के दिन के उच्चतम स्तर और 84.47 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 84.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 24 पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपये में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया तथा 84 डॉलर प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया।

## खालसा कॉलेज में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन



**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय के श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में शुकवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव स.जगदीप सिंह कहलों , कॉलेज की प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुखवीर सिंह कालरा, कोषाध्यक्ष कुलबीर सिंह, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बलजीत सिंह समेत कॉलेज की प्रबंधक कमेटी के कई माननीय सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री कहलों ने दिल्ली के चारों सिख कॉलेजों में चल रहे प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में विस्तार में बताया। कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने कॉलेज की बेहतरी के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर में हर संभव सहायता एवं सहयोग करने का विश्वास दिलाया। साथ ही कहा कि विद्यार्थियो को देश की मुख्यधारा में अपना भरपूर सहयोग देने के लिए आगे आना चाहिए।

# सोना 550 रुपए उछला, चांदी में 400 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 97 .350 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी घटकर 96,700 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 96,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी सोमवार को 550 रुपये बढ़कर 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 96,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी 400 रुपये टूटकर 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 46.34 डॉलर बढ़कर 3,286.83 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''मंगलवार से शुरू होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले डॉलर में नरमी के कारण सोना 3,280 डॉलर प्रति औंस हो गया।''

### फेड के निर्णय पर बाजार की नजर

चैनवाला ने कहा, "...बाजार प्रतिभागी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन, जेरोम पावेल की निर्णय के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सतर्कता से नजर रख रहे हैं। इसके अलावा, अमेरिकी-चीन व्यापार घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता से जोखिम भावना सतर्क रहने की संभावना है।

# पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर घटाई

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आने के बीच सोमवार को नीतिगत ब्याज दर को एक प्रतिशत घटाकर 11 प्रतिशत कर दिया। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने कहा कि उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने ब्याज दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत करने का फैसला किया है। पाकिस्तान में अप्रैल महीने में मुद्रास्फीति 0.3 प्रतिशत थी, जिसके बाद कई लोग मुख्य उधारी दर में कटौती किए जाने का अनुमान जता रहे थे। पाकिस्तान का केंद्रीय बैंक लगातार नीतिगत दर में कटौती कर रहा है और जून 2024 से अब तक इसे 22 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक घटा चुका है। गेहूं, प्याज, आलू और कुछ दालों जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी के साथ ही बिजली और ईंधन शुल्क में कटौती के कारण खुदरा महंगाई घटी है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# ब्रोंकोम: माइक्रोप्लास्टिक जनित फेफड़ों की समस्याओं का आयुर्वेदिक समाधान

**हरिद्वार।** आज पूरा विश्व प्लास्टिक के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं से ग्रसित है। यह प्लास्टिक के छोटे – छोटे कण जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है, अब हवा, पानी और भोजन में भी पाए जा रहे हैं। और हम बिना जाने हर रोज इनका सेवन कर रहे हैं। जब ये कण मानव शरीर में प्रवेश करते हैं, खासकर फेफड़ों में, तो यह कण, सूजन, जलन और कोशिकीय क्षति जैसी समस्याएं उत्पन्न करते हैं। इससे फेफडे का संक्रमण और वायुप्रदूषण से उत्पन्न गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा चूहों पर किए गए नवीनतम शोध ने यह पुष्टि की है कि माइक्रोप्लास्टिक के कारण होने वाले फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी को आयुर्वेदिक औषधि ब्रोंकोम से काफी हद तक रोका जा सकता है।इस अनुपम अनुसन्धान से पुष्टि हुई कि ब्रोंकोम के उपचार ने माइक्रोप्लास्टिक से होने वाले फेफड़ों के इन्फ्लेमेशन से जुड़ें मार्कर्स जैसे साईट्रोकान रिलीज तथा इसके साथ-साथ वायुप्रदूषण से उत्पन्न गंभीर बीमारियों को कम किया। यह शोध विश्व प्रतिष्ठित एल्सिवियर प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल बायोमेडिसिन एवं फार्मेकोथैरेपी में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि का उद्देश्य आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करना और विश्व की स्वास्थ्य से जुड़ी वर्तमान समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। यह शोध प्रमाणित करता है कि सनातन ज्ञान, लक्षित अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित औषधियों के माध्यम से पर्यावरणीय कारकों द्वारा जनित बीमारियों का भी समाधान संभव है।

# सेंसेक्स-निफ्टी इस साल के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी
- विदेशी कोषों का निवेश जारी
- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई

विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 114.45 अंक 24,461.15 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के इस बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.57 प्रतिशत गिर गया है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार ने अपनी सकारात्मक गति को बनाए रखा है, हालांकि आशावाद थोड़ा कम हुआ है। अप्रैल में निरंतर विदेशी प्रवाह और रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को दर्शाता है।

### अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर उछले

गौतम अदाणी के प्रतिनिधियों के रिश्वतखोरी की जांच में आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग को लेकर अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की खबरों के बाद कंपनियों के शेयरों में उछाल दर्ज किया गया। बीएसई पर अदाणी टोटल गैस के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 6.96 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 6.61 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 6.29 प्रतिशत और अदाणी पावर में 5.96 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।



### कल्कि फ़ैशन ने लाइटहाउस फ़ंड्स के साथ साझेदारी कर रचा नया इतिहास,अब वैश्विक विस्तार की ओर एक नया अध्याय

**मुंबई ।** कल्कि फ़ैशन, जो भारत के प्रमुख अवसर-विशेष परिधान और ब्राइडल कूट्योर ब्रांड्स में से एक है, ने लाइटहाउस फ़ंड्स के साथ एक रणनीतिक निवेश साझेदारी की है। यह गठबंधन ब्रांड के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आठ फ्लैगशिप स्टोर्स के साथ, कल्कि फ़ैशन पहले से ही प्रमुख महानगरीय बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है, और आधुनिक ग्राहकों के लिए समकालीन भारतीय सिल्हूट्स की पहचान बन चुका है। लाइटहाउस फ़ंड्स—जो उपभोक्ता ब्रांड्स को घरेलू नामों में बदलने के लिए जाना जाता है—के साथ यह साझेदारी केवल पूंजी निवेश नहीं, बल्कि कल्कि फ़ैशन को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए एक सशक्त रणनीतिक कदम है।


## महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 04064 / 04063 नई दिल्ली – गया – नई दिल्ली रिर्जवड स्पेशल के संचालन मार्ग का विस्तार शेखपुरा तक किया जा रहा है विस्तृत मार्ग के ठहरावों की संशोधित समय–सारणी निम्नानुसार होगी:–

**04064/04063 नई दिल्ली – शेखपुरा – नई दिल्ली रिर्जवड सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन**

| रेलगाड़ी सं.: 04064 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04064 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04063 प्रस्थान | रेलगाड़ी सं.: 04063 आगमन |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:30 | नई दिल्ली | 01:10 | ----- |
| 16:05 | 16:10 | गोविंदपुरी | 17:45 | 17:50 |
| 19:05 | 19:10 | प्रयागराज जं. | 14:55 | 15:00 |
| 22:25 | 22:35 | पं.दीनदयाल उपाध्याय जं | 11:30 | 11:40 |
| 23:13 | 23:15 | भभुआ रोड | 10:25 | 10:27 |
| 23:40 | 23:42 | सासाराम | 09:50 | 09:52 |
| 23:55 | 23:57 | डेहरी–ऑनसोन | 09:30 | 09:32 |
| 02:20 | 02:25 | गया जं. | 08:15 | 08:20 |
| 03:10 | 03:12 | तिलैया | 07:05 | 07:07 |
| 03:27 | 03:29 | नवादा | 06:48 | 06:50 |
| 03:45 | 03:47 | वारिसली गंज | 06:25 | 06:27 |
| 04:30 | ---- | शेखपुरा | ----- | 06:00 |

चलने के दिन : 04064 नई दिल्ली स्टेशन से 10.07.2025 तक और 04063 शेखपुरा स्टेशन से 06.05.2025 से 11.07.2025 तक।

नोट: शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।


रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## शब्द पहेली - 5858




**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -5857 का हल










# वार्षिक रैंकिंग : भारत वनडे और टी20 का बादशाह, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी बादशाहत कायम रखी। टेस्ट प्रारूप में भारत एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

### वनडे : चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन के बढ़े अंक

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।



### टी20 : शीर्ष पर विश्व चैंपियन

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।

### टेस्ट में बेस्ट ऑस्ट्रेलिया

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं।

## खास खबर

### पर्व ने जीता जूनियर विश्व कांस्य पदक



**लीमा।** भारतीय भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने यहां आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पर्व ने लड़कों के युवा वर्ग के 96 किग्रा भार वर्ग में कुल 315 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 140 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने 175 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत का तीसरा पदक है। ज्योशना सबर (40 किग्रा) और हर्षबर्धन साहू (49 किग्रा) ने भी पिछले सप्ताह अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## आईपीएल: दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला

# दिल्ली के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ा सनराइजर्स प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हुआ

भाषा ▶▶| हैदराबाद

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। दोनों टीम को इस मैच से एक-एक अंक मिला जिससे दिल्ली के 11 मैच में 13 अंक हो गए हैं और टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सनराइजर्स की टीम 11 मैच में सात अंक के साथ आठवें स्थान पर है लेकिन अब अधिकतम 13 अंक जुटा सकती है जबकि पहले ही चार टीम 14 या इससे अधिक अंक हासिल कर चुकी हैं। सनराइजर्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स भी पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस (19 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली को सात विकेट पर 133 रन के स्कोर पर रोक दिया। पारी के ब्रेक के दौरान हालांकि तेज बारिश शुरू हो गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया। कमिंस की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली ने 29 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 41, 36 गेंद, चार चौके) और आशुतोष शर्मा (41 रन, 26 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की उपयोगी पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट की 66 रन की साझेदारी की सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। जयदेव उनादकट ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। ईशान मलिंगा (28 रन पर एक विकेट) और हर्षल पटेल (36 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और फिर टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए 15 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों करुण (00) और डु प्लेसी (03) तथा अभिषेक (08) को पवेलियन भेज दिया। कमिंस ने मैच की पहली ही गेंद पर नायर को विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच कराया।




### मुंबई-गुजरात प्लेआफ के प्रबल दावेदार, मैच आज

**मुंबई।** प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैंपियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13) , जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं।

### प्लेआफ का सपना अभी भी बरकरार : पंत



**धर्मशाला।** खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया। पंत ने मैच के बाद कहा, 'सपना अभी भी बरकरार है। अगर हम अगले तीन मैच जीत जाएं तो हालात बदल सकते हैं।'

### हैदराबाद ने हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के शेष सत्र के लिए चोटिल होने के कारण बाहर होने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज स्मरण रविचंद्रन के स्थान पर हरफनमौला हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में विदर्भ की तरफ से खेलने वाले दुबे को सनराइजर्स ने 30 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 16 टी20, 20 लिस्ट ए मैच और 18 प्रथम श्रेणी खेले हैं। उन्होंने सभी प्रारूपों में 127 विकेट और 941 रन बनाए हैं।

### कैस्पर रूड ने जीता अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब



**मैड्रिड।** कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गए। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वांइट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली। रूड ने मैच के बाद कहा, ''यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है।' इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



### मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता : अर्शदीप

**धर्मशाला।** जाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### सिनर का डोपिंग प्रतिबंध खत्म, करेंगे वापसी

**रोम।** विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग के लिए लगा तीन महीने का प्रतिबंध सोमवार को खत्म हो गया और वह अपने घरेलू टूर्नामेंट इटालियन ओपन से कोर्ट पर



वापसी करने के लिए तैयार हैं। सिनर ने इस साल के शुरू में लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ हुए समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इटालियन ओपन में यह पहला अवसर होगा जब कोई स्थानीय खिलाड़ी विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में अपनी चुनौती पेश करेगा।

### भारत ने दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया

**बेंगलुरु।** भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पी डी दीपक लोहिया स्मृति ट्रॉफी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0



से हराया। पांच मैचों की श्रृंखला यहां 26 अप्रैल से पांच मई के बीच किनि क्रिकेट मैदान पर खेली गई थी। पांचवें मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 191 रन बनाए और श्रीलंका को 15 ओवर में 88 रन पर आउट कर दिया। भारत ने पहला मैच 103 रन से, दूसरा छह विकेट से, तीसरा तीन विकेट से और चौथा 66 रन से जीता था।

## 54 मैच बाद भी प्लेऑफ तय नहीं पांच टीमें पा सकती हैं 18 अंक !

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*आईपीएल 2025 में अब तक 54 मुकाबले खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो ही टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही एलिमिनेट हो सकी हैं। अभी भी कोई भी टीम प्लेऑफ के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर सकी है और शीर्ष चार स्थानों के लिए आठ टीमों के बीच जंग है। हालांकि, पिछले 17 सत्र में कभी ऐसा नहीं हुआ कि जिस टीम ने 16 अंक पाए हों वह क्वालिफाई न कर पाया हो। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का क्वालिफाई करना तय माना जा रहा है। बाकी के तीन स्थानों के लिए सात टीमों के बीच जंग है।*

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

आरसीबी की टीम सीएसके के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुकी है। पांच टीमों के लिए 18 अंकों पर समाप्त करना अभी भी संभव है। इसका मतलब है कि क्वालिफिकेशन पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए आरसीबी को दो और जीत की जरूरत है। हालांकि, अगर अन्य परिणाम उनके पक्ष में जाते हैं, तो वे नेट रन रेट पर निर्भर हुए बिना 16 अंकों के साथ भी क्वालिफाई कर सकते हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स

शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के साथ दिल्ली ने सीजन की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन 10 मैचों तक आते आते यह आंकड़े छह जीत ही रह गए। यानी पिछले चार मैचों में टीम को तीन में हार मिली है। यही वजह है कि कभी शीर्ष पर रही दिल्ली की टीम पांचवें स्थान पर लुढ़क गई है। अन्य टीमों की तरह 18 अंक पाकर भी दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना तय नहीं है, लेकिन 14 अंक पाकर भी वह पूरी तरह समीकरण से बाहर नहीं होंगे।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

रविवार को राजस्थान के खिलाफ जीत ने केकेआर को शीर्ष चार की दौड़ में बनाए रखा है। 11 मैचों में 11 अंकों के साथ टीम फिलहाल छठे स्थान पर है। हालांकि वे अधिकतम 17 अंक ही पा सकते हैं। अभी पांच टीमों के लिए 18 या अधिक अंकों पर समाप्त करना संभव है।

### पंजाब किंग्स

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पंजाब की जीत ने उन्हें 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। अभी उनके तीन मैच बचे हैं। दो और जीत पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यदि पंजाब की टीम अपने शेष तीनों मैच हार जाती है तो उन्हें अन्य परिणामों पर बहुत अधिक निर्भर रहना होगा।

### गुजरात टाइटंस

गुजरात की टीम के अभी फिलहाल चार और मैच बाकी हैं और टीम के पास 14 अंक हैं। उनका नेट रन रेट मुंबई इंडियंस के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। जीटी के पक्ष में फिलहाल हर एक समीकरण है। अगर सबकुछ सही रहा तो यह टीम शीर्ष दो में भी अपना स्थान पक्की कर सकती है। उनके शेष तीन मैचों में से दो घर पर हैं, जो कि उनके समीकरण और दावे को और मजबूत बनाता है। घर पर उनका सीएसके और लखनऊ जैसी टीमों के खिलाफ 4-1 का जीत-हार का रिकॉर्ड है।

### मुंबई इंडियंस

लगातार छह जीत के साथ मुंबई की टीम ने इस सत्र में जबरदस्त वापसी की। मुंबई का शीर्ष चार में समाप्त होना लगभग तय माना जा रहा है। अगर वह मौजूदा फॉर्म को जारी रखते हैं तो शीर्ष दो में भी स्थान बना सकते हैं। सभी टीमों में मुंबई का नेट रन रेट सर्वश्रेष्ठ भी है। मुंबई के अगर 14 अंक भी रहते हैं तो भी यह टीम शीर्ष चार में पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए अन्य परिणामों और नेट रन रेट पर निर्भर रहना होगा। उनके पास 18 या इससे ज्यादा अंक बनाने का भी मौका है।

### श्रीकांत सहित भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ताइपे ओपन में देंगे चुनौती

**ताइपे।** लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 240000 डॉलर ईनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक



गए हैं। श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त ली चिया हाओ से खेलेंगे। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता तरूण मन्नेपल्ली का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा जबकि एम लुवांग मेसनाम की टक्कर सातवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के ब्रायन यांग से होगा।

## आडवाणी ने लगातार तीसरी बार जीता बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियड्र्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया।

रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम



जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। आडवाणी ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए विशेष है।' आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।

### नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु।** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह



भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार टिकट 199 रुपए से 9,999 रुपए की रेंज में उपलब्ध है। ज़ोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के अनुसार 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान ने जारी किया बयान

# 'ट्रीटमेंट' के बाद रबाडा खेलने के लिए उपलब्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मनोरंजन के लिए प्रतिबंधित ड्रग का सेवन करने के कारण अस्थायी निलंबन झेल रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा 'ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम' पूरा करने के बाद अब आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के लिए खेलने को उपलब्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान के एक बयान के अनुसार रबाडा अब मैदान पर उतर सकते हैं। रबाडा निलंबन पूरा करके गुजरात टीम से जुड़ चुके हैं। गुजरात का सामना मंगलवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस से होगा। तीस वर्ष के रबाडा को जनवरी में एसए20 के दौरान डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया था। अब निलंबन हटने से वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेल सकेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया, 'रबाडा प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाये गए थे और उन्हें एक अप्रैल 2025 को इसके बारे में सूचित कर दिया गया था। उन पर अस्थायी निलंबन लगाया गया और वह तुरंत भारत से दक्षिण अफ्रीका लौट आए। दक्षिण अफ्रीका डोपिंग निरोधक नियमों के अनुसार खिलाड़ी को ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम पूरा करने की पेशकश की गई थी। उपचार कार्यक्रम के दो सत्र रबाडा ने संतोषजनक ढंग से पूरे किए जिससे उन पर लगा निलंबन हटाया गया। वह एक महीने निलंबन झेल चुके हैं और अब खेल में लौट सकते हैं।'



### चार साल की सजा पर एक महीने में की वापसी

कोकीन, हेरोइन, एमडीएमए और गांजा उन पदार्थों में से है जिनके लिए रबाडा पर निलंबन लगाया गया था। इसके लिए अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है लेकिन खिलाड़ी अगर साबित कर दे कि यह स्पर्धा से बाहर हुआ है और प्रदर्शन में सुधार के लिए नहीं है तो प्रतिबंध घटाकर तीन महीने का किया जा सकता है। वह उपचार कार्यक्रम में भाग लेने को राजी हो जाए तो इसे घटाकर एक महीने का किया जा सकता है।' रबाडा आईपीएल में दो मैच खेलने के बाद ही चले गए थे।

### रबाडा के डोपिंग मामले की गोपनीयता पर भड़के पेन


**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कैगिसो रबाडा के डोप टेस्ट में नाकाम रहने के मामले में पारदर्शिता के अभाव की आलोचना करते हुए कहा है कि इस मामले से जुड़े अधिकारियों को पूरा खुलासा करना चाहिए। रबाडा ने एक सनसनीखेज खुलासे में बताया कि मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# सिंधु सहित सहायक नदियों से बनेगा 10 गीगावॉट हाईड्रो-पॉवर, योजना पर काम शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सिंधु नदी प्रणाली पर लगभग 12 गीगावॉट अतिरिक्त जलविद्युत उत्पादन की एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू किया है। यह योजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, और जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विशेष रूप से पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में जलशक्ति मंत्री सीआर पाटील शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि योजना के संबंध में अब तक दो बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। सिंधु नदी के साथ चेनाब, झेलम, सतलुज जैसी इसकी सहायक नदियों पर नए जलविद्युत प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 12 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करने पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। योजना के मूर्त रूप लेते ही जम्मू कश्मीर ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बन जाएगा। जहां उपभोग से अतिरिक्त ऊर्जा का उत्पादन हो सकेगा। नए जलविद्युत प्रोजेक्ट्स के लिए अध्ययन शुरू कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की उपलब्धता का लक्ष्य इस योजना से कुलाचें भरता नजर आएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि योजना को सावधानीपूर्वक लागू करना होगा, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।



### सिंधु जल संधि (1960)

*इस संधि के तहत, सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का पानी भारत और पाकिस्तान के बीच बाँटा गया। भारत को पूर्वी नदियाँ (सतलुज, ब्यास, रावी) और पाकिस्तान को पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, चेनाब) मिलीं। संधि के अनुसार, भारत पश्चिमी नदियों पर सीमित जलविद्युत परियोजनाएँ बना सकता है, लेकिन पानी का प्रवाह रोक नहीं सकता। पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया, यह कहते हुए कि यह तब तक लागू नहीं होगी जब तक पाकिस्तान सीमा-पार आतंकवाद का समर्थन पूरी तरह बंद नहीं करता। संधि के निलंबन ने भारत को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चेनाब) का अधिक उपयोग करने की छूट दी है, जिसके तहत 12 गीगावॉट जलविद्युत उत्पादन की योजना बनाई गई है।*

### उद्देश्य और लाभ

12 गीगावॉट जलविद्युत उत्पादन भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा, विशेष रूप से उत्तरी राज्यों में, और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करेगा। यह योजना 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य का हिस्सा है, जिसमें सौर, पवन, और जलविद्युत शामिल हैं।

### चुनौतियाँ

भारत के पास अभी पश्चिमी नदियों के पानी को पूरी तरह नियंत्रित करने या उपयोग करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं है। बड़े पैमाने पर बाँधों और जलाशयों का निर्माण समय और लागत गहन है। बड़े बाँधों से हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरणीय क्षति, जैसे वन्यजीवों का विस्थापन और भूकंपीय जोखिम, हो सकता है। सिंधु नदी बेसिन में ग्लेशियरों का असमान पिघलना पानी के प्रवाह को प्रभावित कर सकता है, जिससे परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर सवाल उठ सकते हैं।

**पानी का प्रवाह कम करना**

*भारत ने चेनाब नदी पर बगलिहार बाँध और झेलम नदी पर किशनगंगा बाँध के माध्यम से पानी का प्रवाह कम किया है। इसके अलावा, भारत अब पानी के उपयोग और प्रवाह डेटा साझा नहीं कर रहा, जिससे पाकिस्तान में पानी की उपलब्धता की भविष्यवाणी करना मुश्किल हो गया है।*

## 22 अप्रैल से 2 मई के बीच हुए विभिन्न वेबसाइटों पर हुए हमले

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी हैकर्स के 10 लाख हमले बेअसर, विशेषज्ञों ने बढ़ाई चौकसी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**हरिभूमि विशेष**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही पाकिस्तानी हैकर समूहों द्वारा भारतीय रक्षा और अन्य संवेदनशील वेबसाइटों पर साइबर हमलों की घटनाएं तेजी से सामने आई हैं। साइबर हमले न केवल तकनीकी चुनौती पेश करते हैं, बल्कि भारत के खिलाफ सूचना युद्ध और मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा माने जा रहे हैं। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने इन हमलों को विफल करने में प्रभावी भूमिका निभाई है।

हमलों की रियल-टाइम पहचान और प्रभावित सिस्टम को अलग कर तुरंत रक्ष कवच बनाने में विशेषज्ञों ने त्वरित गति से काम किया। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि एपीएस श्रीनगर पर डीडीओएस हमले के बाद सिस्टम को तुरंत सुरक्षित करना चुनौतीपूर्ण था लेकिन उसे भी नियत समय में पूरा किया गया। हैक हुई वेबसाइटों को तुरंत ऑफलाइन कर जांच शुरू की गई और बाद में बहाल किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए। साइबर एजेंसियां अब चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं। विशेषज्ञों ने रेड टीम असेसमेंट, डीडीओएस फेलओवर टेस्ट,

**हैक हुई वेबसाइटों को तुरंत ऑफलाइन कर जांच शुरू की गई और बाद में बहाल किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए। साइबर एजेंसियां अब चौबीसों घंटे निगरानी कर रही हैं।**

**पाक के साथ मध्य पूर्व, इंडोनेशिया, मोरक्को से संचालित इस्लामिक हैकिंग टीम इनसाने पीके शामिल थी**

**विशेषज्ञों ने रेड टीम असेसमेंट, डीडीओएस फेलओवर टेस्ट, और सिस्टम ऑडिट को अनिवार्य करने की दी सलाह**



**रक्षा, शिक्षा और कल्याण से जुड़ी वेबसाइटों को बनाया निशाना**

*सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी हैकर समूहों, साइबर ग्रुप हॉक्स 1337, नेशनल साइबर क्रियू, पाकिस्तान साइबर फोर्स, इंटरनेट ऑफ खलीफा (आईओएफ) ने भारत की रक्षा, शिक्षा, और कल्याण से जुड़ी वेबसाइटों को निशाना बनाया। ये हमले मुख्य रूप से पहलगाम हमले के बाद शुरू हुए अब तेज हुए हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल ने केंद्रीय गृहमंत्रालय को जो रिपोर्ट भेजी है उसके अनुसार, पहलगाम में हुए आतंकी हमले 22 अप्रैल से 2 मई तक देश के विभिन्न महत्वपूर्ण वेबसाइटों पर 10 लाख से अधिक साइबर हमले हुए, जिनमें पाकिस्तान के साथ-साथ मध्य पूर्व, इंडोनेशिया, और मोरक्को से संचालित इस्लामिक हैकिंग समूह टीम इनसाने पीके शामिल थे।*

### संवेदनशील वेबसाइटों पर किया हमला

पाकिस्तानी हैकरों ने रक्षा, शिक्षा, और कल्याण से जुड़ी संवेदनशील वेबसाइटों पर हमले को प्राथमिकता दी। सूत्रों ने बताया कि उनमें रक्षा से जुड़ी वेबसाइटें: मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज, मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान, आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड, भारतीय वायुसेना के पूर्व सैनिकों की वेबसाइट आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, आर्मी पब्लिक स्कूल (नगरोटा, सुंजवां, श्रीनगर, रानीखेत), आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गेनाइजेशन, पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी वेबसाइट, जम्मू नगर निगम, राजस्थान शिक्षा विभाग,जयपुर विकास प्राधिकरण जैसे संस्थान शामिल हैं। इन हमलों का उद्देश्य वेबसाइटों को डिफेस करना, भड़काऊ सामग्री पोस्ट करना, और संवेदनशील डेटा (जैसे आधार नंबर, लॉगिन क्रेडेंशियल्स) चुराना था। कुछ मामलों में, पहलगाम हमले के पीड़ितों का मजाक उड़ाने और भारत की छवि खराब करने की कोशिश की गई। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के कारण अधिकांश हमले नाकाम रहे।

**खालिस्तानी आतंकी दल्ला से जुड़ा मामला**

# राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की 10 जगहों पर एनआईए की छापेमारी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने राजधानी दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के 10 जगहों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम ने पिछले साल हुई गोलीबारी की घटना की जांच की है। कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दल्ला से जुड़े 2024 के नीमराणा होटल फायरिंग हमले के पीछे की साजिश की गहराई से जांच की गई। ये जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने की है। एनआईए की टीम ने शनिवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 10 स्थानों पर छापेमारी की है। पिछले साल 8 सितंबर को होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां बरसाई गई थीं। लोगों को आतंकित करने और धमकाने के उद्देश्य से ऐसा किया किया गया था। बाद में दोनों हमलावरों की पहचान बांबिया गिरोह के सदस्यों के रूप में की गई, जिनका दल्ला के आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध था। इन दहशतगर्दों ने प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और होटल के मालिक और मैनेजर को जबरन वसूली के लिए धमकाया भी था।

### एनआईए ने जब्त किए थे कई उपकरण

दिसंबर में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने हिंसक आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगे आरोपियों और संदिग्धों के परिसरों में की गई तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। एनआईए की जांच के अनुसार, ये आरोपी/संदिग्ध नामित आतंकवादी अर्श दल्ला और उसके सहयोगी दिनेश गांधी के इशारे पर वित्तीय सहायता प्रदान करने और हिंसा और आतंक के कृत्यों को अंजाम देने में शामिल थे।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Delhi, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**